RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-207 जयपुर, रविवार, 25 जनवरी 2026 मूल्य-4 रुपये

# बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर

## भारत में खेलने से इनकार किया था, आईसीसी ने उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया

ढाका

बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। दुबई में हुई बैठक के दौरान आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने यह फैसला लिया। आईसीसी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी।

गुरुवार को आईसीसी से दी गई 24 घंटे की डेडलाइन के बावजूद बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आईसीसी ने यह कदम उठाया।

भारत में मैच कराने के आईसीसी के फैसले के खिलाफ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने डिस्प्यूट रिजोल्यूशन कमेटी में अपील दायर की थी, लेकिन उसे भी खारिज



कर दिया गया। इस पूरे विवाद की शुरुआत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद हुई। इसके बाद बीसीबी ने भारत में खेलना असुरक्षित बताते हुए टीम को भारत भेजने से मना कर दिया।

### पाकिस्तान ने समर्थन किया था, लेकिन बहिष्कार नहीं

एक दिन पहले बांग्लादेश को उम्मीद थी कि पीसीबी उसके समर्थन में टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा। पाकिस्तानी बोर्ड ने आईसीसी बोर्ड मीटिंग में सपोर्ट भी किया, लेकिन टूर्नामेंट से हटने की बात नहीं कही। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान अपने वर्ल्ड कप खेलने के फैसले पर फिर विचार कर सकता है।

### बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार क्यों किया

» बांग्लादेश में हिंदुओं की लगातार हो रही हत्याओं के विरोध में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करवा दिया। बीसीबी ने इसका विरोध किया।

» मुस्तफिजुर को बाहर किए जाने को बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टियों ने मुद्दा बना दिया। फिर यूनुस सरकार ने अपने देश में आईपीएल प्रसारण पर बैन लगा दिया। इसके बाद क्रिकेट बोर्ड ने भारत में वर्ल्ड कप न खेलने की मांग की, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया।

### मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने पर विवाद

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी। उन्हें केकेआर ने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था।

इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की।

# पांच मुस्लिम लड़कियों ने हिंदू छात्रा को बुर्का पहनाया

## भाई का दावा- बहन से कहा गया इस्लाम कबूल करने से किस्मत बदलेगी

मुरादाबाद

यूपी के मुरादाबाद में 5 मुस्लिम लड़कियों ने एक हिंदू छात्रा को जबरन बुर्का पहनाया। आरोप है कि कोचिंग से निकलने के बाद उसे सड़क पर घेर लिया। बैग से बुर्का निकाला और पहना दिया। पीड़ित के भाई ने दावा किया कि उसकी बहन से सहेलियों ने कहा कि इस्लाम कबूल करो, किस्मत बदल जाएगी। इसमें बहुत खूबसूरत लगोगी।

पीड़ित और आरोपी लड़कियां एक ही स्कूल में 12वीं में पढ़ती हैं। सभी की उम्र 15-17 साल के बीच है। साथ में कोचिंग भी जाती हैं। घटना 20 दिसंबर की है, लेकिन 22 जनवरी को लड़की के भाई ने थाने में एफआईआर कराई।

पुलिस ने पांचों लड़कियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, तो शुक्रवार को सीसीटीवी सामने आया। मामला बिलारी कस्बे के एक मोहल्ले का है। पीड़ित लड़की चौधरी समाज से आती है। हिंदू छात्रा के भाई ने



पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरी नाबालिग बहन बिलारी कस्बे के मोहल्ला शाहकुंज कॉलोनी में एक टीचर के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। मेरे घर से 1.5 किमी की दूरी पर कोचिंग है। बाकी पांचों मुस्लिम छात्राएं भी उसके साथ जाती थीं।

11वीं क्लास में इन लड़कियों से मेरी बहन की दोस्ती थी। सभी मोहल्ले और आसपास की थीं, तो स्कूल और ट्यूशन साथ में जाती थीं। छात्राओं ने मेरी बहन का ब्रेनवॉश करना शुरू कर दिया। पांचों उसे बार-बार इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए उकसाती रहती थीं। उसके मन में हिंदू धर्म के प्रति घृणा पैदा करने की कोशिश की।

मेरी बहन उनके झांसे में आ गई। मेरी बहन घरवालों की बातें भी नहीं सुनती थी। मना करने के बाद भी उन्हीं मुस्लिम लड़कियों के साथ ही स्कूल और कोचिंग जाती थी। 20 दिसंबर को मुस्लिम लड़कियां ट्यूशन से निकलीं। इसके बाद रास्ते में मेरी बहन को बुर्का पहनाया।

# अवकाश और हड़ताल के चलते आज से 4 दिन बैंक बंद

## एसबीआई ने रात को जारी की सूचना, कहा- शाखाओं में कामकाज ठप रहेगा

जोधपुर

शनिवार से बैंकों में अवकाश और हड़ताल की वजह से चार दिन कामकाज नहीं होगा। इसमें 27 जनवरी को देशव्यापी बैंक हड़ताल रहेगी। इसको लेकर अब देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने भी देर रात सोशल मीडिया पर आधिकारिक नोटिस जारी कर ग्राहकों को सतर्क कर दिया है।

जोधपुर में यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे हड़ताल पर रहेंगे।

एसबीआई ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शुक्रवार रात एक पोस्ट जारी कर स्थिति स्पष्ट की है। बैंक ने अपने नोटिस में कहा है- 'हमें बैंक यूनियनों द्वारा 26 जनवरी की आधी रात बाद से 27 जनवरी तक हड़ताल के आह्वान के बारे में सूचित किया गया है। हालांकि बैंक ने अपनी शाखाओं और कार्यालयों में सामान्य कामकाज सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं, लेकिन हड़ताल के कारण शाखाओं में कामकाज प्रभावित होने की आशंका है। बैंक ने ग्राहकों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए नेट बैंकिंग, योनो एप और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाओं का उपयोग करें, जो सुचारू रूप से काम करती रहेंगी।

हड़ताल को सफल बनाने के लिए जोधपुर में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने आक्रोश रैली निकाली। इसे एसबीआई स्टाफ एसोसिएशन (जयपुर सर्किल) के महासचिव भवानीसिंह सोलंकी और यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियंस के राजेश गहलोत ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शास्त्री नगर आशापूर्णा मॉल स्थित एसबीआई से शुरू होकर जलजोग चौराहे और जैन ट्रेवल्स होते हुए वापस एसबीआई पर संपन्न हुई।

फोरम के देवेंद्र धारू और श्रवण सोलंकी ने बताया कि 8 मार्च 2024 को आईबीए और यूनियंस के बीच '5 डे वीक' पर समझौता हो चुका है, लेकिन केंद्र सरकार इसे मंजूरी नहीं दे रही है।

### दिल्ली में बातचीत बेनतीजा रही

हनुमान विश्नोई ने बताया कि गुरुवार को मुख्य श्रम आयुक्त ने यूनियंस के साथ सुलह बैठक बुलाई थी, लेकिन उसमें कोई निष्कर्ष नहीं निकला। शुक्रवार को एक और दौर की वार्ता हुई, लेकिन उसमें भी मांगों पर सहमति नहीं हो पाई। इसी वजह से बैंककर्मियों ने हड़ताल की पूरी तैयारी कर ली है।

रैली में संयोजक राजन गहलोत, गौतम सोलंकी, नेमीचंद गहलोत, नरपत गहलोत, मुकेश भाटी, सचिनसिंह, प्रवीण भाटी, खेतसिंह, राजेश परिहार, ओंकार टाक, विजेंद्र, प्रमीला चौधरी, किरण, कोमल कच्छवाह और सपना सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# कांग्रेस के दिग्गज नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पार्टी छोड़ी

## कभी मायावती के करीबी थे, बोले- 4 दिन बाद बड़ा फैसला लूंगा

उत्तर प्रदेश

यूपी कांग्रेस के बड़े मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे नसीमुद्दीन की पश्चिमी यूपी में बड़ी सियासी पकड़ मानी जाती है। बातचीत में सिद्दीकी ने कहा कि वह 4 दिन बाद अगले सियासी कदम के बारे में फैसला लेंगे।

नसीमुद्दीन ने शनिवार दोपहर को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य सीनियर नेताओं को इस्तीफा भेजा। उनके साथ 73 और नेताओं ने भी कांग्रेस पार्टी छोड़ी हैं। इसमें कई पूर्व विधायक भी शामिल हैं। नसीमुद्दीन के इस्तीफे को यूपी में कांग्रेस के बड़े नुकसान के तौर पर देखा जा रहा है।



नसीमुद्दीन बोले- कांग्रेस में जातिवाद की लड़ाई लड़ने आया था

नसीमुद्दीन सिद्दीकी पश्चिमी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष भी थे। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर के आसपास के जिलों में मुस्लिम वोट बैंक पर उनकी बड़ी पकड़ मानी जाती है। सिद्दीकी ने इस्तीफे में लिखा- 'मैं कांग्रेस में जातिवाद की लड़ाई लड़ने आया था। 8 साल से जमीन पर काम नहीं कर पाया। मुझमें जंग लग रही थी।

# तिरुवनंतपुरम नगर-निगम ने बीजेपी पर लगाया जुर्माना

तिरुवनंतपुरम

तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भारतीय जनता पार्टी पर 19.7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। न्यूज एजेंसी के मुताबिक तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात बीजेपी जिला अध्यक्ष करमना जयन के खिलाफ मामला दर्ज किया। दिसंबर में हुए नगर निगम चुनाव में तिरुवनंतपुरम में बीजेपी ने 50 सीटें जीती थीं। इसके बाद 26 दिसंबर को बीजेपी के वीवी राजेश को यहां का मेयर बनाया गया था।

# इंडिगो ने 717 फ्लाइट स्लॉट्स सरेंडर किये

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भारत के अलग-अलग डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स पर अपने 717 स्लॉट्स सरेंडर कर दिए हैं। यह कदम डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन के उस फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें ऑपरेशनल दिक्कतों और सर्दियों में कोहरे के कारण होने वाली देरी को देखते हुए इंडिगो के विंटर शेड्यूल में कटौती की गई थी। एविएशन मिनिस्ट्री ने संसद में यह डेटा शेयर किया है।

इंडिगो ने कुल 16 एयरपोर्ट्स पर अपने स्लॉट्स छोड़े हैं। इसमें सबसे ज्यादा 236 स्लॉट्स मुंबई एयरपोर्ट पर कम हुए हैं। इसके बाद दिल्ली का नंबर आता है, जहां 150 स्लॉट्स सरेंडर किए गए हैं।

बेंगलुरु में 84, हैदराबाद में 68 और पुणे में 48 स्लॉट्स छोड़े गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, गोवा, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता और जयपुर जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ श्रीनगर, पटना, रांची और रायपुर जैसे छोटे एयरपोर्ट्स पर भी फ्लाइट्स कम हुई हैं।

### कोहरा और उड़ानों में देरी की वजह से शेड्यूल में कटौती

डीजीसीए ने इंडिगो के विंटर शेड्यूल में कटौती का फैसला सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में छाने वाले घने कोहरे को देखते हुए लिया था। कोहरे की वजह से अक्सर विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे उड़ानों में भारी देरी और ऐन वक्त पर कैंसिलेशन होता है।

रेगुलेटर का मानना है कि शेड्यूल में कमी करने से एयरलाइन के 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' में सुधार होगा और यात्रियों को होने वाली असुविधा कम की जा सकेगी।

# अनिल अंबानी पर 1.5 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी पर चल रहे बैंक फ्रॉड मामले में शुक्रवार को नए नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस कोर्ट में दायर की गई पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन पर सुनवाई के बाद जारी किए गए हैं। पीआईएल में अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप और उसकी कंपनियों पर 1.5 लाख करोड़ रुपए बैंकिंग और कॉर्पोरेट फ्रॉड की कोर्ट मॉनिटर्ड जांच की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने सीबीआई और ईडी से अंबानी के खिलाफ चल रही जांच पर 10 दिन में सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। जांच एजेंसियों को डेडलाइनः कोर्ट ने सीबीआई और इडी को अगले 10 दिनों के भीतर अपनी जांच की 'स्टेटस रिपोर्ट' दाखिल करने का आदेश दिया है। यह रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दी जाएगी।

# 18वां रोजगार मेले में पीएम ने 61 हजार जॉब लेटर बांटे

## युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास

नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है। पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है। देशभर के



स्टार्टअप में महिलाएं आगे हैं। कई स्टार्टअप में तो वे हेड हैं। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है।

पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है।

सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं।

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का दायरा बढ़ रहा है। देश में दो लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप में 21 लाख युवा काम कर रहे हैं। भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है इससे अनेकों संभावनाएं पैदा हो रही हैं। 2025 में टू व्हीलर की बिक्री दो करोड़ के पार पहुंच गई। आयकर और जीएसटी कम होने से लाभ हुआ। देश में बड़ी संख्या में रोजगार का अवसर पैदा हो रहा है।

आज 8000 से ज्यादा बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर हैं। गावों के कई रोजगार में महिलाएं हेड कर रही हैं।

आपको एक और बात याद रखनी है। तेजी से बदले टेक के इस दौर में देश की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। आपको खुद को लगातार अपग्रेड करना है। आईगॉट ऐप का उपयोग करें। इससे कई लोग खुद को ट्रेन कर रहे हैं।

# उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी, राजस्थान में 10 डिग्री गिरा पारा

## बर्फीली हवा से लुढ़का पारा, दिन में भी ठिठुरन, माउंट आबू में तापमान -7 डिग्री, बर्फ जमी, आंधी-बारिश की चेतावनी

जयपुर

राजस्थान में आंधी-बारिश और ओले गिरने से मौसम में बड़ा बदलाव हुआ है। हिल स्टेशन माउंट आबू में शुक्रवार रात का तापमान माइनस 7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। ये इस सीजन का सबसे कम तापमान है। शनिवार सुबह यहां जगह-जगह बर्फ की मोटी परत जमी नजर आई। वहीं, सीकर, बाड़मेर, जैसलमेर सहित कई जिलों में खेतों में बर्फ जम गई। राजस्थान के अधिकतर हिस्सों में दिन का तापमान 10 डिग्री तक लुढ़क गया है।

जयपुर, दौसा, अलवर सहित कई जिलों में सुबह से बर्फीली हवा चल रही है। वहीं, मौसम विज्ञान केन्द्र ने राज्य में 24 और 25 जनवरी को मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार 26 और 27 जनवरी को एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के असर से आंधी-बारिश की संभावना है। कई इलाकों में घना



कोहरा भी रह सकता है। शुक्रवार को राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में बरसात हुई। कई जिलों में ओले भी गिरे। इसके असर से तापमान में बड़ी गिरावट हुई है। पारे में गिरावट का असर माउंट आबू सहित शेखावाटी और बार्डर एरिया वाले जिलों में सबसे अधिक दिख रहा है। माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक लुढ़क गया है।

बर्फ जमने के कारण फसलों के नुकसान की भी आशंका है। वहीं, शुक्रवार को जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर समेत 15 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ।

राज्य में शुक्रवार तड़के से ही कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। जयपुर, सीकर, अजमेर, भरतपुर, अलवर, दौसा, नागौर समेत कई जिलों में बारिश के साथ तेज हवा चली।

बारिश के बाद दिनभर आसमान में हल्के बादल, धुंध रही।



इससे सूरज की चमक कमजोर रही और तापमान में बड़ी गिरावट रही। राज्य के लगभग सभी जिलों में सर्दी तेज हो गई। शुक्रवार दिन में सबसे ज्यादा सर्दी सिरोही में रही, जहां अधिकतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### उत्तर भारत में बर्फबारी

देश के सबसे उत्तरी 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गुरुवार-शुक्रवार से शुरू हुई बर्फबारी देर शाम तक चली। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है।

उधर, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। मैदानी इलाकों में लगभग एक फुट और ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में 2-3 फीट बर्फ जम गई है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी नहीं खुल सका। एनएच-44 लगातार दूसरे दिन बंद है। मौसम विभाग ने तीनों राज्यों में ऊंचे इलाकों में एवलांच (हिमस्खलन) की चेतावनी जारी की है। यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश के कई जिलों में भी हल्की बारिश हो रही है। राजधानी दिल्ली में बारिश के बाद कोहरा और धुंध छंट गई है, लेकिन तापमान 11 डिग्री पर पहुंच गया है।

### यहां पहाड़ों से आने वाली तेज सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ी

वहीं, भारी बर्फबारी के कारण एक दिन तक बंद रहने के बाद शनिवार को श्रीनगर एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बीआरओ के साथ मिलकर शनिवार सुबह मौसम में सुधार के बाद रनवे को चालू करने के लिए एप्रन और टैक्सीवे को साफ कर दिया।

# थरूर बोले-कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का विरोध नहीं किया


## केवल ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर असहमति थी, इसके लिए माफी नहीं मांगूंगा

तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्लियामेंट में कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का कभी भी विरोध नहीं किया। एकमात्र मुद्दा ऑपरेशन सिंदूर था, जिस पर सिद्धांत के आधार पर मेरा स्टैंड अलग था।

थरूर ने कहा- इस मामले पर मैंने बहुत मजबूत स्टैंड लिया था। मैं इसके लिए कोई माफी नहीं मांगूंगा। पहलगाम की घटना के बाद, मैंने खुद इंडियन एक्सप्रेस में एक कॉलम लिखा था। मैंने इसमें कहा था कि ऐसी घटना को बिना सजा के नहीं छोड़ा जा सकता और इसका जवाब देना जरूरी है।

तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने यह बातें शनिवार को कोझिकोड में आयोजित केरल लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान कहीं। वह वहां दर्शकों के सवालों का जवाब दे रहे थे।



### पार्टी मीटिंग में नहीं जाने पर कहा- दिल्ली से कोझिकोड वापस आना आसान नहीं

शशि थरूर ने पार्टी मीटिंग में नहीं जाने पर मीडिया से कहा, 'मैं जो कहना चाहता था, वह मैंने पार्टी लीडरशिप को बता दिया है। यह सही नहीं है कि मैं इस बारे में पब्लिक में बात करूं।'

उन्होंने कहा- मीडिया कई बातें कह सकता है, कुछ सही हो सकती हैं, कुछ गलत हो सकती हैं। मैंने पहले ही पार्टी लीडरशिप को बता दिया था कि मैं इसमें शामिल नहीं हो पाऊंगा। अब इसे कैंसिल करना मुमकिन नहीं है और दिल्ली से कोझिकोड वापस आना आसान नहीं है।

## दिल्ली पुलिस ने सिख फॉर जस्टिस के आतंकी पन्नु पर दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 से पहले दिल्ली में अशांति फैलाने की धमकियों के मामले में एफआईआर दर्ज की। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 196, 197, 152 और 61 के तहत यह कार्रवाई की। ये धाराएँ भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता के खिलाफ कृत्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले अपराधों से संबंधित हैं। एफआईआर सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद दर्ज की गई, जिसमें पन्नू ने कथित तौर पर रोहिणी और डाबरी इलाकों में खालिस्तान समर्थक पोस्टर चिपकाने की धमकी दी थी। पुलिस ने तलाशी और वेरिफिकेशन के दौरान इन इलाकों में अब तक किसी पोस्टर की पुष्टि नहीं की। जांच अब वीडियो के स्रोत और पन्नू के दावों के पीछे के इरादों पर केंद्रित है। इसी बीच गुरुवार को क्रोएशिया के जाग्रेब में भारतीय दूतावास में खालिस्तानी कार्यकर्ताओं द्वारा घुसपैठ की गई और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को नुकसान पहुँचाया गया। विदेश मंत्रालय ने इस घटना की कड़ी निंदा की और दोषियों की पहचान कर उन्हें जवाबदेह ठहराने की बात कही। वीडियो में दिखाया गया कि 22 जनवरी को कार्यकर्ता ने दूतावास परिसर में भारतीय ध्वज हटाकर खालिस्तान का झंडा लगाया।

## अहमदाबाद और नोएडा के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा अलर्ट जारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद के प्रतिष्ठित स्कूलों सेंट जेवियर्स और संत कबीर को ई-मेल के जरिए शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंचे और स्कूल परिसरों की गहन जांच की। फिलहाल किसी संदिग्ध वस्तु की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों को सूचित करते हुए बच्चों को सुरक्षित ड्रॉप-ऑफ स्थान से लेने का निर्देश दिया। नोएडा के शिव नादर स्कूल को भी ई-मेल के माध्यम से धमकी मिली। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए स्कूल परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी और तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में ई-मेल फर्जी प्रतीत हो रहा है, लेकिन हर पहलू से जांच जारी है। यह पहली बार नहीं है जब नोएडा के स्कूलों को इस तरह की धमकियां मिली हों। पुलिस और साइबर सेल ई-मेल ट्रेसिंग, आईपी एड्रेस और भेजने वाले की पहचान में जुटी हुई है। स्कूल परिसरों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस अलर्ट मोड में है। अभिभावकों में लगातार मिल रही धमकियों के कारण चिंता का माहौल है। सुरक्षा जांच के चलते सभी प्रभावित स्कूलों को एक दिन के लिए बंद रखने का निर्णय लिया गया। स्कूल बसों को वापस भेज दिया गया और अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को निर्धारित ड्रॉप-ऑफ स्थान से ही लें। प्रशासन ने कहा कि छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कश्मीर घाटी में लगातार बर्फबारी से यातायात अस्त-व्यस्त

श्रीनगर (एजेंसी)। कश्मीर घाटी में हाल ही में हुई लगातार बर्फबारी ने पूरे इलाके को सफेद चादर में ढक दिया है। श्रीनगर और आसपास के क्षेत्रों में तापमान में तेज गिरावट के साथ ही जनजीवन प्रभावित हो गया है। स्थानीय लोग ठंड और बर्फ के कारण घरों में सीमित रहने को मजबूर हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि भारी बर्फबारी अभी कुछ दिन तक जारी रह सकती है। श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खराब दृश्यता और रनवे पर जमी बर्फ के कारण कई उड़ानों को रद्द या देर से संचालित होना पड़ा। एयरलाइंस ने यात्रियों से लगातार संपर्क में रहने की अपील की। हालांकि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने हाल ही में रनवे से बर्फ हटाने के बाद उड़ानों के धीरे-धीरे बहाल होने की संभावना जताई है। भारी बर्फ जमने के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, मुगल रोड और सिंथन रोड कई स्थानों पर बंद हैं। ट्रैफिक पुलिस ने फिसलन और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए वाहनों को रोक रखा है। सड़कें केवल मौसम में सुधार और बर्फ हटाने के बाद ही खोलने का निर्णय लिया जाएगा। बंद सड़क और उड़ानों के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि हवाई किराए में भी वृद्धि हो गई है, जिससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। प्रशासन ने अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## बर्फबारी और भारी वर्षा के कारण माता वैष्णो देवी यात्रा रोकी गई


जम्मू (एजेंसी)। माता वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं के लिए जरूरी सूचना आई है कि बर्फबारी और भारी वर्षा के कारण माता वैष्णो देवी यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई है। शुक्रवार को अचानक मौसम में बदलाव के कारण जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड और बारिश का असर बढ़ गया। इस वर्ष पहली बार जम्मू क्षेत्र में इतनी व्यापक बारिश और बर्फबारी देखी गई है। मौसम की मार सबसे अधिक त्रिकूट पर्वत श्रृंखला पर पड़ी, जहां जारी वर्षा और हिमपात के कारण यात्रा मार्ग अत्यधिक फिसलन भरा हो गया हैं। सुरक्षा की दृष्टि से नए श्रद्धालुओं के पंजीकरण पर रोक लगा दी गई है। भवन क्षेत्र में रात भर बारिश और सुबह बर्फबारी होने के कारण माता के भक्तों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया है। इसके साथ ही भूस्खलन का जोखिम भी बढ़ गया है। इन परिस्थितियों को देखकर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा स्थगित करने का फैसला किया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 36 घंटों तक जम्मू-कश्मीर में मौसम खराब बना रह सकता है। मैदानी इलाकों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी रहने की संभावना है। पटनीटॉप, राजौरी और पूंछ के ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात लगातार हो रहा है। कई स्थानों पर भारी बर्फबारी की चेतावनी भी जारी की गई है। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे मौसम सामान्य होने तक यात्रा स्थगित रखें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

## पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर सुरक्षा एजेंसियों ने हाई-लेवल अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। गणतंत्र दिवस से पहले पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर सुरक्षा एजेंसियों ने हाई-लेवल अलर्ट जारी किया हुआ है। खुफिया इनपुट के अनुसार, आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में ड्रोन हमले या हथियारों की तस्करी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन खतरों को देखकर सुरक्षा बलों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है।

# भारत-ईयू का वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता लाने की जरूरत पर जोर दिया

### -जयशंकर ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के राजदूतों के साथ की बातचीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के राजदूतों के साथ बातचीत में मजबूत व्यापार, आवाजाही और सुरक्षा साझेदारी के जरिये वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता लाने की जरूरत पर जोर दिया। यह बैठक 27 जनवरी को प्रस्तावित भारत-ईयू शिखर सम्मेलन को ध्यान में रखकर की गई। 27 जनवरी को होने वाली बैठक में दोनों पक्षों की तरफ से व्यापार समझौते के निष्कर्षों की घोषणा करने और समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद का मुकाबला करने वाली एक नई सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।

भारत और ईयू छात्रों, मौसमी श्रमिकों, शोधकर्ताओं और उच्च कुशल पेशेवरों की आवाजाही सुविधाजनक बनाने और अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने व्यापक गतिशीलता ढांचे पर एक समझौते की योजना बना रहे हैं। दोनों पक्ष 'सूचना समझौते की सुरक्षा' पर एक और समझौता करने की तैयारी भी कर रहे हैं। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि ईयू के सदस्य देशों के राजदूतों के साथ अपनी बैठक में उन्होंने 'दुनिया की वर्तमान स्थिति के बारे में बात की जिसमें अस्थिरता अब एक आम बात हो गई है।

विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक ऐसे मजबूत भारत-ईयू सहयोग पर जोर दिया जो लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग कर वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिम से बचाएगा और मानवीय प्रतिरोध और आपदा राहत एवं अन्य सहायता प्रदान कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त करेगा। उन्होंने कहा कि भारत-ईयू को 'मजबूत व्यापार, गतिशीलता और सुरक्षा साझेदारी के जरिए वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करने की जरूरत है। जयशंकर ने कहा कि वह यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन की नई दिल्ली यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। दोनों गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि भी होंगे। उन्होंने कहा कि ईयू के नेतृत्व की नई दिल्ली यात्रा की तैयारियां अच्छी तरह चल रही हैं लेकिन चुनौतियां भी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ईयू भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों में से एक है और उन्होंने भारत को यूरोप के आर्थिक लचीलेपन के लिए 'अनिवार्य' बताया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने संयुक्त बयान और एजेंडे पर इस उद्देश्य के साथ काम किया है कि शिखर सम्मेलन से 'भू-राजनीतिक' परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ठोस नतीजा निकले।

## वित्त मंत्री सीतारमण 1 फरवरी को पेश करेंगी लेखा-जोखा, मिडिल क्लास और हेल्थकेयर पर नजर



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2026 को देश का आम बजट पेश करेंगी। पिछले बजट में नई टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री कर बड़ी राहत दी गई थी, इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार प्रत्यक्ष कर में बहुत बड़े बदलाव की संभावना कम है। हालांकि, मध्यम वर्ग को उम्मीद है कि सरकार मानक कटौती (स्टैंडर्ड डिडक्शन) या अन्य रियायतों के जरिए कुछ अतिरिक्त लाभ दे सकती है। बजट 2026 में सरकार का मुख्य फोकस हेल्थकेयर, इंफ्रास्ट्रक्चर और डिफेंस सेक्टर पर रहने की उम्मीद है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए टियर-2 शहरों में नए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की स्थापना के साथ-साथ प्रिवेंटिव केयर पर निवेश बढ़ाया जा सकता है। वहीं, रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए नई वंदे भारत ट्रेनों, फ्रेट कॉरिडोर और ट्रैक विस्तार पर बड़े आवंटन की संभावना जताई जा रही है। इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स के अनुसार, यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बुनियादी ढांचे और सरकारी योजनाओं के सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित होगा, जिससे आम जनता और उद्योग जगत दोनों को संतुलित राहत मिल सके।

## स्टालिन की केंद्र को सीधी चुनौती, मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ प्रस्ताव पारित



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन द्वारा पेश किए प्रस्ताव को पारित किया, जिसमें केंद्र सरकार के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के प्रस्ताव का विरोध किया गया। प्रस्ताव में केंद्र से आग्रह किया गया कि वहां इस योजना में महात्मा गांधी का नाम बनाए रखे और ग्रामीण रोजगार के लिए वास्तविक मांग के आधार पर पर्याप्त और स्थिर निधि आवंटन सुनिश्चित करे। स्टालिन सरकार के प्रस्ताव में योजना के महत्व को महिलाओं, दिव्यांगजनों, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए उजागर किया गया, जिन्हें इसके प्रमुख लाभार्थी बताया गया। इसके अलावा, केंद्र सरकार की निधि आवंटन की मनमानी प्रक्रिया की आलोचना कर इस वास्तविक काम की मांग पर आधारित किया जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही, प्रस्ताव में राज्य सरकार के योगदान को 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के प्रस्तावित कदम पर भी आपत्ति जाहिर की गई। इस कदम को राज्य के वित्तीय दबाव और ग्रामीण आजीविका पर नकारात्मक प्रभाव डालने वाला बताया गया। विधानसभा में इस मुद्दे पर काफी तनावपूर्ण माहौल रहा और प्रस्ताव पारित हुआ। इससे पहले, राज्यपाल आर.एन. रवि ने डीएमके सरकार द्वारा तैयार किए गए पाठ को गलतियों का हवाला देकर पढ़ने से इंकार किया था, इससे विधानसभा में एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। सीएम स्टालिन ने राज्यपाल पर संवैधानिक प्रावधानों और विधायी परंपराओं की अवहेलना करने का आरोप लगाकर कहा कि यदि ऐसी घटनाएं जारी रहीं, तब डीएमके संसद में संवैधानिक संशोधन लाने के लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों से परामर्श करेगी।

# यूपी समेत कई राज्यों में ठंड के बीच हो सकती है बारिश, आईएमडी ने किया अलर्ट जारी

### -जम्मू और कश्मीर में बर्फबारी जारी, मैदानी इलाकों में चली तेज हवाएं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड के बीच कुछ हिस्सों समेत भारत के कई राज्यों में बारिश हो सकती है। आईएमडी ने शुक्रवार को अलर्ट जारी किया है। वहीं इस सप्ताह उत्तर पश्चिम के राज्य में न्यूनतम तापमान में गिरावट आ सकती है, जिसके चलते ठंड बढ़ सकती हैं। वहीं दिल्ली में भी ठंड की संभावनाएं हैं। इधर, जम्मू और कश्मीर में बर्फबारी फिर से शुरू हो गई। आईएमडी ने बताया कि उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान दो दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। वहीं इसके बाद चार दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ने के आसार हैं।

उत्तर-पश्चिम में मुख्य रूप से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख गिने जाते हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 23 जनवरी को हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान में हल्की बारिश हो सकती है। ऐसा ही मौसम जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में देखा जा सकता है। वहीं, 23 और 24 जनवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। 23 जनवरी को हरियाणा, उत्तराखंड, चंडीगढ़, दिल्ली और यूपी में तेज हवाएं और गरजन हो सकती है। साथ ही इस दौरान ओलावृष्टि भी दर्ज की जा सकती है।

तमिलनाडु, पुडुचेरी, करईकल में 25 और 26 जनवरी, केरल और माहे में 26 जनवरी को बारिश होने की संभावना है। 25 और 26 जनवरी को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में सुबह और रात के समय घना कोहरा छा सकता है। राजस्थान में 24 से 26 जनवरी तक उप हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम में 24 जनवरी तक घना कोहरा बने रहने के आसार हैं। 23 जनवरी को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में शीत लहर चल सकती है। बता दें गुरुवार को वैष्णो देवी मंदिर क्षेत्र में पहली बर्फबारी दर्ज की गई। इसके चलते त्रिकुटा पहाड़ी पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। कश्मीर घाटी के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग और कुछ अन्य क्षेत्रों में गुरुवार को बर्फबारी हुई, वहीं श्रीनगर और अन्य मैदानी इलाकों में तेज हवाएं चलीं।

अधिकारियों के मुताबिक उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में गुरुवार देर शाम से बर्फबारी शुरू हो गई। गुलमर्ग में कुछ इंच बर्फ जमा हो गई है। मौसम विभाग ने कहा था कि घाटी के मैदानी इलाकों समेत व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी हो सकती है। शिमला में करीब तीन महीने बाद शुक्रवार को मौसम की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में भी बर्फबारी हो रही है, जिनमें राज्य का एक अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थल मनाली भी शामिल है। स्थानीय मौसम केंद्र ने भारी बर्फबारी और बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। प्रशासन ने कहा कि चौपाल समेत जिले के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी जारी है, जिसके कारण चौपाल-देहा सड़क पर यातायात बाधित हो गया है।

# अपेक्षित सम्मान न मिलने से थरूर नाराज! दिल्ली बैठक से बनाई दूरी

### -लिटरेचर फेस्टिवल में गए, यह एशिया का सबसे बड़ा साहित्य महोत्सव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस में अंदरुनी कलह थम नहीं रही है। पिछले कुछ मामलों में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर इसके केंद्र में रहे हैं। सूत्रों की मानें तो शशि थरूर राहुल गांधी से खुश नहीं हैं और वे शुक्रवार को दिल?ली में पार्टी की होने वाली एक अहम बैठक में शामिल नहीं होंगे। शशि थरूर के ऑफिस की तरफ से इस बाबत बयान जारी किया गया है, जिसमें कहा गया है कि शशि थरूर शुक्रवार को दिल्ली में होने वाली केरल कांग्रेस की अहम चुनावी तैयारी बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। उनके कार्यालय ने कहा कि वे केरल लिटरेचर फेस्टिवल के लिए कालीकट में हैं, जो एशिया का सबसे बड़ा साहित्य महोत्सव है। उन्होंने पार्टी को पहले ही सूचित कर दिया था कि वह बैठक में शामिल नहीं होंगे।

जानकारी के मुताबिक कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर और पार्टी नेतृत्व के बीच बढ़ती दूरी एक बार फिर चर्चा में है। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी के हालिया कोच्चि दौरे में उन्हें अपेक्षित सम्मान न मिलने से थरूर नाराज हैं और इस कारण वह शुक्रवार को होने वाली कांग्रेस की अहम बैठक में शामिल नहीं होंगे। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी समेत केरल इकाई के सीनियर लीडर राज्य में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा करने वाले हैं।

जानकारी के मुताबिक शशि थरूर के इस फैसले को पार्टी के अंदर चल रही असहजता के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि कोच्चि दौरे के दौरान राहुल गांधी से मुलाकात और सार्वजनिक कार्यक्रमों में उन्हें पर्याप्त मंच नहीं मिला, जिससे वे आहत हैं। हालांकि, कांग्रेस नेतृत्व की ओर से इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों का कहना है कि थरूर की नाराजगी काफी समय से अंदरखाने सुलग रही थी। दरअसल, बीते कुछ महीनों में थरूर के कुछ बयान और सोशल मीडिया पोस्ट पार्टी नेतृत्व को असहज करने वाले रहे हैं।

बात दें पीएम मोदी और केंद्र सरकार के कुछ कदमों की सराहना करते हुए उन्होंने सार्वजनिक मंचों पर ऐसी टिप्पणियां कीं, जिन्हें कांग्रेस की आधिकारिक लाइन से अलग माना गया। अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाइयों पर थरूर की टिप्पणियों को भी पार्टी के भीतर अलग नजरिए के तौर पर देखा गया। इस बीच गुरुवार को थरूर ने पूर्व बीजेपी सांसद और मौजूदा भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर के साथ एक सेल्फी साझा की, जिसमें उन्होंने गंभीर के काम की सराहना करते हुए लिखा कि भारत में प्रधानमंत्री के बाद यह दूसरा सबसे कठिन काम है।

## बिहार कांग्रेस के छह विधायक पार्टी छोड़ने को तैयार, खड़गे ने दिल्ली में बुलाई आपात बैठक

### -दिल्ली-पटना बैठकों के जरिए विधायकों को साधने और पार्टी को टूट से बचाने की कोशिश



**पटना (एजेंसी)।** बिहार कांग्रेस में बवाल मचा है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद अब पार्टी के सभी छह विधायक पार्टी छोड़ने को है। पार्टी में टूट की अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के ये सभी विधायक सीएम नीतीश कुमार के संपर्क में हैं और जेडीयू में शामिल हो सकते हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में एक अहम बैठक बुलाई है।

यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर होगी। बैठक में खड़गे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रभारी कृष्णा अलावरु भी बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा बिहार कांग्रेस के सभी विधायक और सांसदों को बैठक में बुलाया गया है।

बता दें नवंबर 2025 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने जबरदस्त जीत हासिल की थी। वहीं विपक्षी महागठबंधन सिर्फ 35 सीटों पर सिमट गया था जिसमें आरजेडी को 25 सीटें मिलीं। कांग्रेस ने 61 सीटों पर चुनाव लड़ा था, लेकिन सिर्फ 6 सीटें ही जीत पाई थी। कांग्रेस के जिन छह विधायकों के पार्टी छोड़ने की चर्चा है, उनमें मनीहारी से मनोहर प्रसाद सिंह, वाल्मीकिनगर से सुरेंद्र प्रसाद, चनपटिया से अभिषेक रंजन, अररिया से अबीदुर रहमान, किशनगंज से मोहम्मद कमरूल होदा और फारबिसगंज से मनोज बिस्वास शामिल हैं। अगर ये सभी विधायक कांग्रेस छोड़ते हैं तो पार्टी बिहार विधानसभा में शून्य हो जाएगी। पार्टी के अंदर असंतोष के संकेत पिछले कई हफ्तों से नजर आ रहे थे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सभी छह विधायक पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए हैं। पटना के सदाकत आश्रम में आयोजित पारंपरिक 'दही-चूड़ा' समारोह में भी कोई विधायक शामिल नहीं हुआ। इसके अलावा 8 जनवरी को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम द्वारा बुलाई गई 'मनरेगा बचाओ' अभियान की बैठक में भी दो विधायक-सुरेंद्र प्रसाद और अभिषेक रंजन गैरहाजिर रहे।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि अभिषेक रंजन पिछले कुछ समय से करीब सभी कार्यक्रमों से नदारद रहे हैं। इससे यह संकेत और मजबूत हो गया है कि कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं है। अब सबकी निगाहें राहुल गांधी की दिल्ली बैठक और पटना में होने वाली बैठक पर टिकी हैं। माना जा रहा है कि इन बैठकों में विधायकों को साधने और पार्टी को टूट से बचाने की कोशिश की जाएगी। अगर कांग्रेस नेतृत्व स्थिति संभालने में नाकाम रहा, तो बिहार की राजनीति में एक बड़ा सियासी उलटफेर हो सकता है।

# पंजाब कांग्रेस में मची खींचतान के बीच शीर्ष नेतृत्व ने चेताया, कहा- सार्वजनिक बयानबाजी की तो होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेतृत्व ने साफ़ कर दिया कि पंजाब में नेतृत्व परिवर्तन का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। साथ ही पार्टी ने नेताओं को सख्त हिदायत दी है कि संगठन से जुड़े किसी भी मुद्दे पर सार्वजनिक मंचों, मीडिया या सोशल मीडिया में बयान न दें। ऐसे सभी विषय केवल पार्टी के आंतरिक मंचों और उच्च नेतृत्व के समक्ष ही रखे जाएं। उल्लेखनीय है प्रदेश के नेताओं के बीच मची खींचतान से शीर्ष नेतृत्व इस बार तुरंत अलर्ट हुआ। प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल ने आलाकमान से दखल की अपील की। लिहाजा, राज्य के बड़े नेताओं को दिल्ली तलब कर लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, पंजाब प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल, वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। पंजाब से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, कांग्रेस महासचिव सुखजिंदर सिंह रंधावा, राणा के.पी. सिंह, विजय इंदर सिंगला और डॉ. अमर सिंह ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए के.सी. वेणुगोपाल ने बताया कि करीब तीन घंटे तक चली इस बैठक में पंजाब के सभी वरिष्ठ नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बैठक बेहद सकारात्मक और उपयोगी रही, जिसमें पार्टी को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

नेतृत्व परिवर्तन से जुड़े सवाल पर वेणुगोपाल ने दो टूक कहा कि पंजाब में नेतृत्व बदलने का कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी नेतृत्व पूरी तरह एकजुट है और संगठन को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अनुशासन पर ज़ोर देते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोई भी नेता पार्टी के आंतरिक मामलों पर मीडिया या सोशल मीडिया में बयान जारी नहीं करेगा। ऐसे सभी मुद्दे केवल पार्टी के मंचों पर ही उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंजाब के करीब 30 नेताओं द्वारा हाईकमान से मिलने का समय मांगे जाने के सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि व्यक्तिगत हैसियत में कोई भी नेता हाईकमान के किसी भी सदस्य से मिलने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाज़ी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। दलितों और वंचित वर्गों को प्रतिनिधित्व दिए जाने के सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाज के सभी वंचित और हाशिए पर पड़े वर्गों– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को देशभर में उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है।



पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने भी बैठक को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि चर्चा करीब तीन घंटे तक चली और इसमें राज्य की राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम जनभावना यह है कि लोग कांग्रेस को दोबारा सत्ता में देखना चाहते हैं। बघेल ने भी दोहराया कि पार्टी में किसी भी तरह की गुटबाज़ी या अनुशासनहीनता को सख्ती से रोका जाएगा।

# आर्य बाल विद्या मंदिर स्कूल में जोरदार धमाका, गैस रिसाव से रसोई की दीवार गिरी, प्राचार्य सहित परिवार के पांच सदस्य पास ही कमरे में थे मौजूद, मलबा परिवार पर गिरा

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा शहर के भोपालगंज क्षेत्र में आर्य समाज मार्ग स्थित आर्य बाल विद्या मंदिर सैकेंडरी स्कूल में शनिवार तड़के अचानक हुए तेज धमाके से इलाके में सनसनी फैल गई। स्कूल की तीसरी मंजिल पर स्थित प्राचार्य के आवासीय परिसर में रसोईघर में हुए धमाके से दीवार टूटकर परिवार पर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। धमाके से कमरे व रसोईघर में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घरेलू सामान और भवन को भारी नुकसान पहुंचा है। विस्फोट इतना जोरदार था कि मलबा दूर-दूर तक बिखर गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से जानकारी लेकर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल सहित अन्य जांच टीमों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।





घटना में घायल स्कूल प्रिंसिपल

बालमुकुंद डीडवानिया ने शनिवार दोपहर मडिया से बातचीत करते हुए बताया कि शुक्रवार रात को वह अपने परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए थे। शनिवार सुबह करीब 4 बजे अचानक तेज धमाका हुआ, जिससे कमरे की दीवार और अन्य सामान उनके ऊपर गिर गया। इस हादसे में वह, उनकी पत्नी और तीनों बेटियों को हल्की-फुल्की चोटें आई। प्रारंभिक तौर पर धमाके का कारण गैस रिसाव माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि वे अपनी पत्नी और तीनों बेटियों के साथ कमरे में जमीन पर सो रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। गनीमत रही कि इतने बड़े हादसे में किसी की जान नहीं गई। बालमुकुंद डीडवानिया आर्य बाल विद्यामंदिर सैकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य हैं, उनकी पत्नी भी इसी विद्यालय में शिक्षिका हैं और उनके बच्चे भी इसी स्कूल में पढ़ते हैं। विद्यालय की छत पर ही उनका आवास बना हुआ है, जहां यह हादसा हुआ।

# मोड़ का निम्बाहेड़ा में 8 अवैध कोयला भट्टियों पर चला बुलडोजर



स्मार्ट हलचल

आसींद क्षेत्र के मोड़ का निम्बाहेड़ा गांव में अवैध रूप से संचालित की जा रही कोयला भट्टियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। निर्माणाधीन अवैध कोयला भट्टियों की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पटवारी नारायण कुमावत ने मौके पर पहुंचकर जांच की, जहां कुल 8 कोयला भट्टियां अवैध पाई गईं। इसके बाद जेसीबी मशीन की सहायता से सभी अवैध भट्टियों को जमींदोज कर दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। वहीं प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# नाथ काज कीन्हेउ हुनमाना, राखे सकल कपिन्ह के प्राना

स्मार्ट हलचल | माण्डलगढ़

नगर स्थित राधा कृष्ण कॉलोनी में शनिवार रात्रि को सुंदरकांड पाठ का आयोजन पंडित देवकिशन शास्त्री भीलवाड़ा व टीम के सानिध्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आयोजक एडवोकेट सत्यनारायण जीनगर ने बताया कि सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा पर माला अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया । सुंदरकांड पाठ श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर वरिष्ठ एडवोकेट कैलाशचंद्र तम्बोली, विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, पार्षद पवनेश ओस्तवाल, एडवोकेट देवेंद्र पोरवाल, देवेंद्र तम्बोली, दिनेश तम्बोली,बनवारीलाल जीनगर सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा बचाओ आंदोलन, कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-अनशन किया

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को कमजोर करने की साजिशों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के महेश मंडल द्वारा मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत आर के कॉलोनी कम्युनिटी हॉल के पास भीलवाड़ा में महेश मंडल प्रभारी गुड्वीन मसीह और सह-प्रभारी राज कुमार पायक के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना-अनशन का आयोजन किया गया। यह धरना प्रदर्शन शनिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार आवाज बुलंद की।



महेश मंडल अध्यक्ष सत्य नारायण तोतला ने बताया कि केंद्र सरकार मनरेगा कानून में बदलाव कर इसे समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है। राज्य सरकारों पर 40 प्रतिशत वित्तीय भार डालने, योजना का नाम बदलने और कानून में संशोधन जैसे प्रस्ताव गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता के हक पर सीधा हमला हैं। कांग्रेस इन शर्तों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के मार्गदर्शन में महेश मंडल प्रभारी गुड्वीन मसीह और सह-प्रभारी राज कुमार पायक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के जिलाध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक रहे। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं बल्कि गरीबों का जीवन सुरक्षा कवच है, जिसे भाजपा सरकार लगातार कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी सड़क से संसद तक इस लड़ाई को मजबूती से लड़ेगी।

कार्यक्रम का संचालन निसार सिलावट ने किया। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, राजेंद्र जैन, अनिल राठी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष हमीद रंगरेज, मोहम्मद हारून रंगरेज, पार्षद प्रकाश चंद्र ओझा, डॉ. फरियाद मोहम्मद,शिवराज सुराणा, गोपाल शिबू खान, दिनेश बैरवा, कुणाल गोरण (भूपेंद्र), लक्ष्मी नारायण मेवाड़ा, मीठ सिंह चौहान, संजय यादव, उमेश कुमार टेलर, रतन लाल धोबी, दीपक व्यास, करण सिंह, सुभाष चंद्र आर्य, मुकेश जयसवाल, रोहित राठोड़, भवर सिंह राठौड़ , मनजीत सिंह , महेंद्र, पत्रकार रवि पायक सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। धरना-अनशन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया।

# लगातार दूसरी बार नेशनल हॉकी में स्कूल छात्र करण जाट का चयन

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

हर साल की तरह इस साल भी सोमिला इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अपनी छवि खेलों में बनाए रखी।

69 वें स्कूल नेशनल खेल कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत हॉकी के 17 वर्षीय छात्र वर्ग में करण जाट पिता ओमप्रकाश जाट , का शिक्षा विभाग बीकानेर से और लावण्य सोनी पिता बद्री सोनी का सी.बी.एस.ई नेशनल से चयन हुआ। ये छात्र दिनांक 27 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक रांची (झारखंड) आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



विद्यालय के चेयरमैन, डायरेक्टर्स, प्रिंसिपल ने कोच भवानी सिंह और दोनों खिलाड़ियों को बहुत बहुत बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# निजी बसों के पहिए थमे, रोडवेज में उमड़ी यात्रियों की भीड़

## सीज कार्रवाई और भारी जुर्माने से भड़के ऑपरेटर

**जोधपुर।** जोधपुर सहित पूरे प्रदेश में आज निजी बस सेवाएं पूरी तरह ठप रही। बस ऑपरेटरों ने परिवहन विभाग पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने और मोटर वाहन अधिनियम के विरुद्ध कार्रवाई करने के आरोप लगाते हुए आज हड़ताल रखी। इस हड़ताल के दौरान निजी बसों के पहिए थमे रहे। हालांकि, स्लीपर कोच बसों को हड़ताल से अलग रखा गया। वहीं निजी बसों में हड़ताल के कारण रोडवेज बसों में यात्रियों की भीड़ रही।

बस ऑपरेटरों ने बताया कि परिवहन आयुक्त द्वारा राज्य के व्यावसायिक वाहनों, खासकर निजी बस संचालकों पर लगातार अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोटर वाहन अधिनियम में किसी प्रकार का प्रावधान नहीं होने के बावजूद निजी बसों के गलत चालान काटे जा रहे हैं। साथ ही परिवहन अधिकारियों को अवैध लक्ष्य दिए जा रहे हैं, जिन्हें पूरा नहीं करने पर उनकी आईडी तक बंद कर दी जाती है। स्टेज कैरिज बसों में जंगला और सीढ़ी लगे होने का स्पष्ट प्रावधान होने के बावजूद जबरन इन्हें हटवाया जा रहा है और कई मामलों में वाहनों को सीज कर दिया जाता है, जिससे बस ऑपरेटरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। परिवहन विभाग द्वारा केंद्र सरकार की नीति के विपरीत बसों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी के विरोध में हड़ताल रखी गई। बस ऑपरेटरों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# अनियंत्रित ट्रक ने मचाया तांडव, कमला विहार कॉलोनी में घुसकर चौकीदार की केबिन सहित आठ वाहन किए क्षतिग्रस्त

## नशे में होने की आशंका, चालक ट्रक लेकर फरार, कॉलोनीवासियों में आक्रोश

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर के चित्तौड़गढ़ रोड पर सुखाड़िया स्टेडियम से आगे स्थित कमला विहार क्रिस्टल कॉलोनी में शुक्रवार शाम एक अनियंत्रित ट्रक के घुस जाने से अफरा-तफरी मच गई। तेज रफ्तार ट्रक ने कॉलोनी के मुख्य द्वार पर बनी चौकीदार की केबिन को टक्कर मारते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया, इसके बाद कॉलोनी की गलियों में दौड़ते हुए 7 चौपहिया वाहनों और एक मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। हादसे में सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए । कमला विहार क्रिस्टल कॉलोनी निवासी प्रिंस सिसोदिया ने बताया कि शुक्रवार रात हरियाणा पासिंग नंबरों का एक ट्रक अचानक कॉलोनी में घुस गया। ट्रक चालक ने नियंत्रण खो दिया और सबसे पहले गेट पर स्थित चौकीदार की केबिन को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक घबराहट में कॉलोनी की संकरी गलियों में ट्रक दौड़ाने लगा, जिससे वहां खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचा



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक नशे की हालत में होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद कॉलोनीवासियों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सौभाग्य से घटना के समय कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

सूचना पर पहुंची पुलिस

घटना की सूचना मिलने पर प्रतापनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रतापनगर सीआई राजपाल सिंह के निर्देश पर पुलिस जाप्ता ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और क्षतिग्रस्त वाहनों की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा ट्रक चालक की तलाश की जा रही है तथा आसपास के मार्गों व सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

घटना के बाद कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने भारी वाहनों के रिहायशी इलाकों में प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध और पुलिस निगरानी की मांग की है।

# व्याख्याता गौरव कुमारी का समृद्धि प्रतियोगिता 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

## भीलवाड़ा पीएम श्री बापू नगर मे हर्ष का माहौल

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत जीव विज्ञान की व्याख्याता गौरव कुमारी का चयन समृद्धि प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी 25 से 30 जनवरी को भुवनेश्वर में आयोजित होगी। जिसमें विभिन्न राज्यों से चुने हुए प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इससे पूर्व जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करके जयपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम पांच प्रतिभागियों में अपना स्थान बनाया । गौरव कुमारी ने बताया कि यह सफलता स्थानीय विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन स्टाफ के निरंतर सहयोग एवं विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए शैक्षिक वातावरण का परिणाम है ।इस अवसर पर शिक्षा विभाग की अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की



यह चयन शिक्षा विभाग भीलवाड़ा के लिए गर्व की बात है और इससे अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी। गौरव कुमारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयारी प्रधानाचार्य राजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में जारी है ।

विद्यालय की प्रबंध समिति के सदस्य लव कुमार जोशी एवं लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने भी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की है कि गौरव कुमारी राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर संस्था व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी।

# हाईकोर्ट खुला लेकिन नहीं हुए न्यायिक कार्य

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट में शनिवार को वर्किंग डे किए जाने के फैसले के विरोध में वकीलों ने पूर्ण न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बिना कमेटी रिपोर्ट आए ही हाईकोर्ट प्रशासन आदेश थोपना चाहता है, जो न्यायिक प्रि या के विपरीत है। न्यायपालिका में एडवोकेट और बेंच के बीच संतुलन जरूरी है। बहिष्कार के चलते दोनों पीठों जोधपुर और जयपुर के कोर्टरूम में सन्नाटा पसरा रहा और नियमित न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ।

दरअसल राजस्थान हाईकोर्ट में शनिवार वर्किंग डे के मुद्दे पर बार और बेंच के बीच टकराव साफ नजर आया। हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से शनिवार को अदालती कामकाज के लिए कॉज लिस्ट जारी करने के विरोध में वकीलों ने स्वैच्छिक कार्य बहिष्कार किया। इसका असर यह रहा कि कोर्ट रूम में जजों की बेंच तो बैठी, लेकिन पैरवी करने के लिए वकील नहीं पहुंचे। हाईकोर्ट परिसर में सन्नाटा पसरा रहा। केवल उन्हीं इक्का-दुक्का मामलों में सुनवाई हो सकी, जिनमें पक्षकार खुद पेश हुए।

इससे पहले साल की शुरुआत में हाईकोर्ट की जयपुर, जोधपुर बार और बीसीआर ने इस निर्णय के विरोध में एक दिन का स्वैच्छिक कार्य बहिष्कार किया था।

# गणतंत्र दिवस पर रहेगी रूट डायवर्सन की व्यवस्था

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर यातायात व्यवस्था सुगम व सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए पार्किंग एवं रूट डायवर्सन व्यवस्था रहेगी । गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस लाईन परेड ग्राउंड भीलवाडा मे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यातायात व्यवस्था सुगम व सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आगन्तुओ के वाहनो की पार्किंग व्यवस्था के निम्न प्रकार रहेगी।

01. पुलिस लाईन में संतोषी माता मंदिर रोड पान्डु के नाले की तरफ से आने वाले दुपहिया/चैपहिया वाहनो कि पार्किंग व्यवस्था अजुबा नर्सरी के पास रहेगी। 02. पुलिस लाईन में खडेश्वर जी महाराज के मंदिर कि तरफ आने वाले दुपहिया/चैपहिया वाहनो की पार्किंग व्यवस्था एम.टी.एम. परिसर रहेगी। 03. पुलिस लाईन मे खडेष्वर जी महाराज मन्दिर की तरफ से छात्र व छात्राओ को लाने वाली बसो की पार्किंग व्यवस्थासन्तोषी माता मन्दिर रोड रेल्वे लाईन के पास रहेगी। 04. वी.आई.पी. व विशिष्ट जनो, प्रेस (मीडिया), एवं सरकारी वाहनो की पार्किंग व्यवस्था पुलिस लाईन में जी.डी./आर.आई. ऑफिस के पास हॉकी ग्राउण्ड में रहेगी।




नोटः- गणतन्त्र दिवस समारोह मे आने वाले सभी आगन्तुक अपने वाहन समारोह के प्रारम्भ से लेकर समाप्ति तक निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खडा करेंगे।

**-: रूट डायवर्सनः-**

गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाईन ग्राउंड मे आयोजित होने से पुलिस लाईन के आस पास बनी कॉलोनियो के आवागमन के लिये निम्न प्रकार से रूट डाईवर्सन किया जायेगा। 01. संतोष कॉलोनी, चपरासी कॉलोनी, मारूति कॉलोनी का आवागमन पाण्डु के नाले अण्डर ब्रिज गायत्री आश्रम होते हुये शहर मे प्रवेश करेगा। 02. शिव नगर, विवेकान्द नगर व पुलिस लाईन के पास से गुजरने वाला आवागमन रामनगर सर्किट हॉउस रोड होते हुये शहर मे प्रवेश करेगा। 03. खडेश्वर जी महाराज मंदिर से उपरोक्त कॉलोनियो मे जाने वाला आवागमन रामनगर सर्किट हॉउस रोड/ओवर ब्रिज अजमेर चैराहा गायत्री आश्रम पाण्डु के नाले से हो अपने गंतव्य स्थान पर जायेगा।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत 25 को भीलवाड़ा दौरे पर, मालासेरी डूंगरी में देवनारायण जयंती समारोह में लेंगे भाग

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार 25 जनवरी को भीलवाड़ा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे जयपुर से प्रस्थान कर अजमेर होते हुए दोपहर 1.30 बजे आसींद क्षेत्र स्थित मालासेरी डूंगरी पहुंचेंगे, जहां भगवान श्री देवनारायण जी के 1114वें जन्म वर्ष समारोह में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम पश्चात मंत्री उदयपुर के लिए रवाना होंगे ।

# भीलवाड़ा में निजी बस संचालकों को एक दिवसीय चक्का जाम, यात्री हुए परेशान, 1500 से अधिक बसों के थमे पहिए

## करीब डेढ़ करोड़ का कारोबार हुआ ठप

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में एक बार फिर निजी बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के बैनर तले शनिवार को एक दिवसीय चक्का जाम हड़ताल की जा रही है। बस संचालकों का आरोप है कि परिवहन विभाग उनके साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहा है और मोटर वाहन अधिनियम के नियमों के विपरीत कार्रवाई कर रहा है। प्रदेशव्यापी हड़ताल का असर भीलवाड़ा जिले में भी साफ नजर आया हैं। जिसके कारण भीलवाड़ा में करीब 1500 से 1800 बस के पहिए थम गए हैं जिसके कारण प्रति बस के हिसाब से 12 हजार तक का व्यापार प्रभावित हो रहा है। निजी बस की इस हड़ताल के कारण आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है। बस संचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। फिलहाल स्लीपर कोच बसों को इस हड़ताल से अलग रखा गया है।



बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के जगदीश चंद्र ने कहा की बस ऑपरेटर एसोसिएशन राजस्थान के प्रदेशव्यापी आव्हान पर एक दिवसीय चक्का जाम किया हुआ है। इस चक्का जाम का उद्देश्य राज्य सरकार तक हमारा उद्देश्य पहुंचना है। राज्य परिवहन विभाग के परिवहन आयुक्त पुरुषोत्तम द्वारा हमारे साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है परिवहन आयुक्त द्वारा व्यावसायिक वाहनों, विशेषकर निजी बस संचालकों पर लगातार अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। मोटर वाहन अधिनियम में प्रावधान नहीं होने के बावजूद गलत चालान काटे जा रहे हैं और अधिकारियों को अवैध लक्ष्य दिए जा रहे हैं। भीलवाड़ा में करीब 1500 से 1800 बस के पहिए थम गए हैं जिसके कारण प्रति बस के हिसाब से 12 हजार तक का व्यापार प्रभावित हो रहा है। यदि हमारी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

वही आमजन गोविंद तंबोली ने कहा कि हमारे परिवार में शादी है और मुझे यह पार्सल बेग शादी वाले घर में भेजना है लेकिन आज हड़ताल होने के कारण मुझे यहां वहां इधर-उधर भटकना पड़ रहा है डेढ़ घंटे से मैं इंतजार कर रहा हू लेकिन मुझे कोई बस वाला नहीं मिल रहा है जो यह पार्सल वहां ले जाने के लिए तैयार हो जाए हमें हड़ताल के वजह से परेशान होना पड़ रहा है।

# मंगरोप में चम्बल विभाग की घोर लापरवाही,दो सप्ताह से फूटी पाइपलाइन, हजारों लीटर पानी बहकर बर्बाद

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** कस्बे के हमीरगढ़ रोड स्थित नई आबादी क्षेत्र में चम्बल विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है।यहां पिछले करीब दो सप्ताह से पेयजल पाइपलाइन फूटी हुई है,जिससे लगातार पानी का रिसाव हो रहा है।इस दौरान हजारों लीटर बहुमूल्य पानी सड़क पर बहकर व्यर्थ हो चुका है,लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।-स्थानीय निवासियों का कहना है कि पाइपलाइन फूटने की जानकारी कई बार विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को दी जा चुकी है,इसके बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया।पानी सड़क पर बहने से जहां कीचड़ और फिसलन की स्थिति बनी हुई है,वहीं आवागमन करने वाले राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।क्षेत्रवासियों ने बताया कि एक ओर जहां गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से लोग जूझ रहे हैं,वहीं दूसरी ओर विभाग की लापरवाही के कारण पीने योग्य पानी यूं ही बर्बाद किया जा रहा है।इससे लोगों में रोष व्याप्त है।स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और चम्बल विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत करवाई जाए तथा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए,ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो।



# 57 साल पुराने जर्जर कमरे में चल रहा पटवार भवन, 2010 में बना भू-अभिलेख निरीक्षण केंद्र उद्घाटन से पहले ही खंडहर में तब्दील

स्मार्ट हलचल




**मंगरोप।** क्षेत्र की राजस्व व्यवस्था की जमीनी हकीकत मंगरोप में किसी से छिपी नहीं है।यहां पटवार भवन आज भी 57 साल पुराने महज 9म12 फीट के जर्जर कमरे में संचालित हो रहा है।इसी छोटे से कमरे के एक कोने में पटवारी तो दूसरी ओर गिरदावर बैठकर राजस्व संबंधी कार्य करने को मजबूर हैं।सीमित स्थान,जर्जर छत और असुविधाजनक व्यवस्था के चलते न सिर्फ कर्मचारियों बल्कि आमजन को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बताया गया है कि भू-अभिलेख निरीक्षण केंद्र भवन वर्ष 2010 में बनकर पूरी तरह तैयार हो चुका था,लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक भवन को संबंधित विभाग को सुपुर्द ही नहीं किया गया।वर्षों तक उपयोग में नहीं आने के कारण यह भवन अब दुर्दशा का शिकार हो चुका है।उद्घाटन से पहले ही भवन की हालत जर्जर हो गई है, दीवारों में दरारें आ चुकी हैं और परिसर में झाड़ियां उग आई हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया भवन प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हो गया।यदि समय रहते भवन का हस्तांतरण कर दिया जाता तो आज राजस्व कार्य सुचारू रूप से आधुनिक सुविधाओं के साथ संचालित हो सकता था।वहीं दूसरी ओर पटवार भवन की मौजूदा स्थिति किसी भी समय हादसे को न्योता दे सकती है।

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि भू-अभिलेख निरीक्षण केंद्र भवन को शीघ्र विभाग को सुपुर्द कर उपयोग में लिया जाए,साथ ही जर्जर पटवार भवन की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए,ताकि आमजन को राजस्व संबंधी कार्यों में राहत मिल सके।अब बड़ा सवाल यह है कि 57 साल पुराने जर्जर कमरे में व्यवस्था चलाने की मजबूरी आखिर कब तक बनी रहेगी अगर कोई हादसा हुआ तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। हमीरगढ़ तहसीलदार भंवरलाल सेन ने बताया कि संबंधित भवन के दृष्टिकरण एवं नवीनीकरण हेतु राजस्व मंडल को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।साथ ही हमीरगढ़ तहसील क्षेत्र में स्थित सभी पटवार भवनों के नवीनीकरण एवं दुरुस्तीकरण के संबंध में प्रतिवर्ष राजस्व मंडल को अवगत कराया जाता है।अब इस संबंध में राजस्व मंडल द्वारा निर्णय लिए जाने के पश्चात ही कार्य को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# भगवान देवनारायण की 1114वीं जयंती बिलिया आनणा देवनारायण का प्रसिद्ध मेला आज

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** भगवान देवनारायण की 1114वीं जयंती के पर बिलिया में आनणा देवनारायण का क्षेत्र का प्रसिद्ध एवं विशाल मेला आयोजित होगा,मेले को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और सैकड़ों गांवों से श्रद्धालुओं प्रसिद्ध मेले में पहुंचेंगे,

मेले की शुरुआत बिलिया गांव स्थित भगवान देवनारायण के मंदिर से भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। शोभायात्रा चारभुजा नाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां से विशाल झंडा लेकर भगवान देवनारायण की गादी को घोड़े पर विराजित किया जाएगा। इसके पश्चात गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते श्रद्धालु करीब 2 किलोमीटर की पदयात्रा कर आनणा देवनारायण मंदिर पहुंचेंगे।आनणा देवनारायण मंदिर परिसर में क्षेत्र का सबसे बड़ा और प्रसिद्ध मेला आयोजित होगा। यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा, सामाजिक समरसता और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है, जिसमें दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे।पुजारी रामेश्वर भोपा ने बताया कि भगवान देवनारायण की जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। श्रद्धालु भगवान देवनारायण से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

उन्होंने बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भगवान देवनारायण की महिमा पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।मेले को लेकर दुकानदारों द्वारा पांच दिन पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।विशाल मेले में प्रति वर्ष की भांति पुलिस जाप्ता मौजूद रहता है।इस मेले में भजन कीर्तन व अलगोचा प्रसिद्ध रहता है।

# रासेड़ में हिंदू सम्मेलन का पोस्टर विमोचन किया, घर-घर पीले चावल बांटकर दे रहे न्योता



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** रासेड गांव में 1 फरवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन का शनिवार का ग्रामीणों ने पोस्टर विमोचन कर घर-घर पत्रक एवं पीले चावल देकर हिंदू सम्मेलन में आने का न्योता देना शुरू किया । मंडल के पालक ब्रह्मा लाल खारोल ने बताया कि कार्यक्रम महंत दीपक पुरी महाराज के सानिध्य में होगा । होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के तहत गुरुवार 29 जनवरी को शाम 7:15 बजे बड़ा मंदिर चारभुजा मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा । शुक्रवार 30 जनवरी को प्रातः1-1बजे को विशाल भगवा वाहन रैली निकाली जाएगी जो मंडल के प्रत्येक गांव में जाएगी । शनिवार 31 जनवरी शनिवार को प्रातः 5:15 बजे बड़ा मंदिर प्रांगण से पूरे कस्बे में प्रभात फेरी निकालकर जन जागरण करेंगे । 1 जनवरी रविवार को 1101 महिलाओं द्वारा प्रातः 11 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी । दोपहर में धर्म सभा को संत जन संबोधित करेंगे । कार्यक्रम में 14 गांवों के ग्रामीण सामूहिक भोजन प्रसादी करेंगे । कार्यक्रम में रासेड, रूपपुरा, फलासेड, बोरडा, एकलिंगपुरा, ढंड का खेड़ा, फतेहपुरा, तकतपुरा, गिरडिया, खेड़ी खुर्द, सालरिया खुर्द व नर्सिंगपूरा के ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

# सीएचओ की ब्लॉक कार्यकारिणी घोषित, रेगर बने ब्लॉक अध्यक्ष, शर्मा उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल | माण्डलगढ़



त्रिवेणी संगम स्थिति महर्षि श्रृंग धर्मशाला में बसंत पंचमी के अवसर पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। स्नेह मिलन कार्यक्रम में नवनियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया और सीएचओ के कार्य कलापों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में नवीन ब्लॉक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया ! ब्लॉक अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार छोटु लाल रेगर ( आयुष्मान आरोग्य मंदिर रलायता ) मनोनीत किए गए !उपाध्यक्ष पद पर दीपक कुमार शर्मा,सचिव कृष्ण गोपाल मीणा,कोषाध्यक्ष विकास नामा ब्लॉक मीडिया प्रभारी अभिषेक खत्री चुने गए !मनोनीत कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करवाकर वर्तमान में आ रही वेतन,समस्याओं के समाधान पर रूपरेखा तैयार की। अध्यक्ष छोटु लाल रेगर ने भरोसा दिलाया कि मुझ पर लगातार दूसरी बार भरोसा जताने पर समस्त सीएचओ का आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं पूरी कार्यकारिणी को साथ में लेकर ब्लॉक में आ रही समस्याओं के समाधान के संबंध में जल्द ही उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निराकरण करवा दिया जाएगा।

कार्यक्रम के अवसर पर सुमंत दाधीच चांदमल रेगर विकास नामा कैलाश चंद्र शर्मा सुमित्रा मीणा निशा मीणा महेंद्र कुमार रेगर प्रहलाद जाट गणेश मीणा भेरू लाल अशोक मीणा अशोक बैरवा आदि सीएचओ मौजूद रहे।

# आकोला में संघ शताब्दी वर्ष पर 1 फरवरी को हिंदू सम्मेलन



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आकोला मण्डल में 1 फरवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर हैं। आकोला में हुई बैठक में हिंदू सम्मेलन खंड संयोजक भैरू लाल तेली ने अध्यक्षता की और बताया कि समस्त हिन्दू समाज को एकजुट होकर समाज की संगठित शक्ति का भान करवाना आवश्यक है।

कलयुग में संगठित होकर ही अधर्म का नाश किया जा सकेगा, एकजुट समाज ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण करता है जिसके लिए संपूर्ण हिन्दू समाज को संगठित होने की आवश्यकता है।

बैठक में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सनातनी समाज के बंधु और मातृ शक्ति ने भाग लिया। सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई और सर्वसम्मति से विभिन्न समितियों का गठन किया गया । सम्मेलन का अध्यक्ष जमना लाल जोशी को बनाया गया

तेजाजी चौक आकोला में धर्मसभा होगी। बैठक में मंडल के सभी गावों का प्रतिनिधित्व रहा, बैठक में भाग लिया

हिन्दू सम्मेलन के अध्यक्ष जमना लाल जोशी ने कहा कि अब सम्मेलन को सफल बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है इसके लिए सबको अधिक से अधिक भागीदारी निभानी पड़ेगी।

# अधिवक्ता स्नेह परिवार ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का किया स्वागत, आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताए

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



अधिवक्ता स्नेह परिवार द्वारा अधिवक्ता स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद सचिव पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ व शिव परिवार के पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात बार कॉउन्सिल ऑफ़ राजस्थान मे अनुशासन समिति मे मनोनीत एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा, जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली व राष्ट्रीय अधिवक्ता संयुक्त मंच मे नव मनोनीत महिला प्रदेश सचिव सरिता स्वर्णकार, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बालूलाल उपाध्याय व उपभोक्ता कल्याण समिति प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारु, भाजपा सुभाध मण्डल उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह शेखावत का स्नेह अधिवक्ता परिवार के अनिल कुमार पारीक, सूर्यप्रकाश सरगरा, पीरू सिंह गौड़, नवनीत कुमावत, राजकुमार सोनी, दीपक खूबवानी, सुरेश बिरला, शिप्रा दवे, संध्या जी, राजेश्वरी शर्मा, कृष्णा राव,ममता लक्ष्कार, अनीता व्यास, पल्लवी गुप्ता, आरती कुमावत, पल्लवी काबरा, विनोद राव, भेरू लाल, नौरतमल बुरड द्वारा माला, मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

उपभोक्ता कल्याण समिति प्रदेश कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार पारीक एवं प्रदेश कार्यालय सचिव सूर्य प्रकाश जी सरगरा, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला सचिव पीरू सिंह गौड़ का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओ की विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई और विजयी अधिवक्ताओ को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कानूनी जानकारिया भी शेयर की गई। आयोजन के पश्चात सामूहिक भोजन का सभी अधिवक्ताओ ने आनंद लिया।

# वार्ड 64 मलाण सुभाष नगर में करोड़ों की लागत से हुए विकास कार्यों का लोकार्पण



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

नगर निगम के वार्ड नंबर 64 मलाण सुभाष नगर में विगत पांच वर्षों के दौरान करोड़ों रुपए की लागत से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का शनिवार को लोकार्पण कर उन्हें जनसमर्पित किया गया।

इस अवसर पर चारभुजा मंदिर परिसर, मलाण सुभाष नगर में आयोजित कार्यक्रम में मांडल विधायक उदयलाल भड़ाणा, निवर्तमान सांसद सुभाष बहेडिया एवं निवर्तमान विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतु शेखर शर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया तथा कहा कि वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से आमजन को लाभ मिलेगा। क्षेत्रीय पार्षद जगदीश गुर्जर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# माण्डलगढ में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

स्मार्ट हलचल



मांडलगढ़। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया ,उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बालिकाओ को पुरस्कार प्रदान किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राम लाल वैष्णव, महिला अधिकारिता विभाग से ममता मुवाल,सोनू सोमानी, प्रियंका शर्मा एवं विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा,कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।

इस अवसर पर बालिका जन्म, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अपने रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज को संदेश दिया।

पोस्टर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बालिकाएं समाज और देश का भविष्य हैं तथा उनके अधिकारों और शिक्षा को सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आयोजन से बालिकाओं में आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार हुआ।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता रैली को सीएमएचओ ने दिखाई हरी झंडी



स्मार्ट हलचल

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर से बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा व आरवीआरएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्या डॉ0 वर्षा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

इस दौरान अधीक्षक डॉ. वीरेन्द्र, डीपीसी अरूण कुमार पुरोहित, वरिष्ठ सहायक आशीष पंचोली, डीपीसी-पीसीपीएनडीटी रामस्वरूप सेन सहित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, नर्सिंग विद्यार्थियों सहित अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों ने सहभागिता की। जागरूकता रैली में प्रतिभागियों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ', 'बालिका सशक्त होगी तो समाज सशक्त होगा' जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। रैली जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के मार्गों से होती हुई पुनः परिसर में आकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि बालिकाओं का स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित बालिका कल्याण योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

# स्व. माणिक्य लाल वर्मा की 57वीं पुण्यतिथि मनाई

स्मार्ट हलचल | बिजोलिया




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमा जी का खेड़ा में स्वतंत्रता सेनानी एवं किसान आंदोलन के प्रणेता स्व. माणिक्य लाल वर्मा की 57वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने स्व. वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे, जबकि अध्यक्षता माणिक्य लाल वर्मा स्मारक समिति के अध्यक्ष भूरालाल धाकड़ ने की। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल ने स्व. माणिक्य लाल वर्मा के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से उच्च शिक्षा प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद अन्य वक्ताओं ने भी स्व. वर्मा द्वारा देशहित एवं क्षेत्रहित में किए गए कार्यों की सराहना की। साथ ही आगामी वर्ष आयोजित होने वाले पुष्पांजलि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वेटर एवं जर्सी वितरण करने का निर्णय भी लिया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय धाकड़ ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, मनोज गोधा पूर्व मंडल अध्यक्ष, डॉ. डी.एस.मेहर, ऊपरमाल किसान पंचायत अध्यक्ष सुगनलाल धाकड़, कुलदेवी फूला मां प्रबंध समिति अध्यक्ष हीरालाल धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश धाकड़, कुलदीप केलानी प्रिंसिपल, खनन व्यवसायी प्रभुलाल धाकड़, सेवानिवृत्त अधिष्ठाता डॉ. शिवदयाल धाकड़, कन्हैयालाल धाकड़, नंदलाल धाकड़, पन्ना लाल धाकड़, मुकेश धाकड़, गिरधारी शर्मा, सुनिल जोशी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी, संजय चौहान, ओमप्रकाश मेड़तिया, वेदप्रकाश तिवारी, मुकेश धाकड़ मंडल महामंत्री, कमलेश कोली आदर्श सोनी, मोडूराम धाकड़, रवि धाकड़, अर्जुन धाकड़, छीतर धाकड़, माँगी लाल धाकड़, विष्णु धाकड़, जितेन्द्र चौहान, उमाशंकर वैष्णव, राहुल सेठिया, लोकेंद्र सिंह राजौरा, चेतन पंवार एवं नीलेश चितौड़ा सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भगवान श्री देवनारायण के 1114वें अवतरण दिवस पर पांच क्विंटल चावल और दाल से तैयार प्रसाद का वितरण





## लाडपुरा में श्रद्धा से मनाई देवनारायण जयंती

स्मार्ट हलचल

लाडपुरा कोटा-चित्तौड़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिहारी नाथ देवनारायण मंदिर (बनी) में शनिवार को भगवान श्री देवनारायण जी का 1114वां अवतरण दिवस पर पांच क्विंटल चावल दाल का भोग लगाया गया। देवनारायण जयंती श्रद्धा उमंग और उल्लास से मनाई गई। देव जन्मोत्सव पर आसपास के गांवों से दर्शन को भक्त उमड़े। श्रद्धालुओं ने मंदिर पर पहुंच भगवान देवनारायण के दर्शन कर खुशहाली की कामना का आशीर्वाद लिया। पुजारी नंदलाल गुर्जर, भोपाजी भंवर लाल गुर्जर, भेरू लाल गुर्जर, ने देवनारायण भगवान की विशेष पूजा अर्चना की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के दर्शन कर पूजा अर्चना की। पांच क्विंटल दाल चावल का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक ठाकुर रणजीत सिंह शक्तावत, अध्यक्ष नंदकिशोर सनाढ्य, कालूलाल सुथार पटेल, भगवान लाल सुथार, दिनेश सिंह शक्तावत, मोडूलाल माली, शंभू लाल धाकड़, मोहन सिंह शक्तावत, शंभू गुर्जर, सहित अन्य कई समाजजन मौजूद थे।

# लीलरिया भैरुनाथ मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

स्मार्ट हलचल



**कोशीथल।** लीलरिया श्याम भेरुनाथ मंदिर उम्मेदपूरा में प्राण प्रतिष्ठा शिखर कलश स्थापना के उपलक्ष में विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों श्रद्धालु ने डीजे और बैंड बाजा के साथ दियास से लिलरिया श्याम भेरुनाथ मंदिर तक नाचते झूमते पहुंचे। राजस्थानी वेशभूषा में हजारों महिलाओं ने अपने सर पर कलश लिए मंदिर तक पहुंचे।

लीलरिया श्याम भेरूनाथ के दरबार में नो दिनों तक भक्तों का मेला लगेगा और 9 दिनों तक महायज्ञ का संचलन किया जाएगा, लीलरिया श्याम भेरुनाथ के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओ की आस्था जुड़ी हुई है।

# सामाजिक समरसता के प्रतीक भगवान श्री देवनारायण जी का जन्मोत्सव आज

## मालासेरी डूंगरी में चलता है 24 घंटे निशुल्क भंडारा

स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** भीलवाड़ा जिले के आसींद उपखंड मुख्यालय से मात्र 10 किलोमीटर दूर आसींद शाहपुरा मार्ग पर स्थित भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी पर रविवार को भगवान विष्णु के अवतार एवं सामाजिक समरसता की प्रतीक जन जन के आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण जी का 1114 वा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

मालासेरी डूंगरी देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया कि शनिवार की रात्रि को विशाल भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मपत्री वार्ता का आयोजन किया गया , मंदिर सहित पूरी डूंगरी के परिक्रमा क्षेत्र को विद्युत सजावट से सजाया गया। रविवार को सुबह 4:00 बजे 1114 दीप प्रज्वलित कर कमल के पुष्पों से सजावट कर भगवान विष्णु के अवतार श्री देवनारायण की बाल प्रतिमा को झूला झुलाकर महा आरती की जाएगी , भगवान को मालपुवे वह खीर का विशेष भोग लगाया जाएगा।

दोपहर को 1:00 बजे अमृत महोत्सव के मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत मालासेरी डूंगरी आएंगे। मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भगवान श्री देवनारायण जी के दर्शन करेंगे वहीं यहां पर बन रहे भारत सरकार की प्रसाद योजना के तहत मालासेरी डूंगरी तीर्थ समग्र विकास निर्माणाधीन कॉरिडोर के विकास के कार्यों का अवलोकन करेंगे । पूरे देश प्रदेश से आने वाले देव भक्त वह जनप्रतिनिधि शामिल होंगे दोपहर को 2:00 बजे विशाल धर्म सभा आयोजित किए जाएगी । वही मालासेरी डूंगरी में चल रहे सात दिवसीय विष्णु महायज्ञ का समापन होगा सुबह 9:00 बजे विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ होगा , दिन भर विभिन्न कार्यक्रम के साथ आने वाले सभी भक्तों को खीर और पुरी का महाप्रसाद वितरण किया जाएगा शाम को पुष्कर के विशेष पंडितों द्वारा गंगा आरती की तर्ज पर मालासेरी डूंगरी की महाआरती की जाएगी एवं भगवान श्री देवनारायण जी के ननिहाल देवास मध्य प्रदेश से देवभक्त 1111 मीटर चुनरी लेकर आएंगे मालासेरी डूंगरी को चुनरी ओढ़ाई जाएगी।





मालासेरी डूंगरी का इतिहास-राण भिनाय के राजा दुर्जन साल वह सवाई भोज के बीच हुवे घनघोर युद्ध में सभी बगड़ावत भाई रणभूमि में वीरगति को प्राप्त होने के बाद केवल साडू माता वह हीरा दासी ही जीवित बच पाई थी । भगवान के आदेश से मालासेरी गांव में स्थित मालासेरी डूंगरी पर सतवंती माता साडू गुजरी ने यहां पर अखंड तपस्या की थी , अखंड तपस्या से प्रसन्न होकर यहां पर भगवान की आकाशवाणी हुई और श्री विष्णु ने माता साडू को मालासेरी डूंगरी पर भगवान देवनारायण के रूप में अवतार लेने का वचन दिया था, संवत 968 माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी शनिवार को सुबह 4:00 तेज आकाशवाणी के साथ ही बजे गर्जना के साथ पत्थर को चीरते हुए कमल के पुष्प पर भगवान श्री देवनारायण जी बाल रूप में अवतरित हुए ।

### मालासेरी में राजस्थान का पहला भंडारा जहां 24 घंटे भोजन व्यवस्था उपलब्ध रहती है

2018 से ही मालासेरी डूंगरी पर दर्शन करने आने वाले यात्रीयो के लिए साडू माता की रसोई में निःशुल्क 24 घंटे भोजन व्यवस्था जारी रहती हैं , यहां 25 लोगों की टीम भोजन बनाने सहित प्रसाद वितरण के लिए हर समय लोगों की टीम तैयार रहती है भंडारे में 12 महीने में करीब 800 क्विंटल से अधिक गेहूं की खपत होती है । रोजाना पूरे देश भर से आने वाले सैकड़ो देवभक्त को प्रसाद के रूप में 4 किलो आटे से बनी और 2 फिट चौड़ी विशेष रोटी तैयार की जाती है। जिसका पहला भोग भगवान श्री देवनारायण जी को लगाने के बाद भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित की जाती है , एवं हर समय लाउड स्पीकर पर भोजन के लिए आवाज लगाई जाती है ताकि कोई भी यात्री भूखा ना सोए। यहां गेहूं, ज्वार बाजरे सहित मक्के से बनी रोटी के साथ विशेष पर्व पर मालपुए हलवा खीर चूरमा सहित अन्य मिठाइयों का प्रसाद वितरण किया जाता है।

जिस स्थान पर भगवान देवनारायण जी कमल के पुष्प पर अवतरित हुए वहां पर भव्य विशाल मंदिर बना हुआ है , मालासेरी डूंगरी की पहाड़ी पर 125 सीढ़ियां चढ़ने के बाद दर्शन होते हैं। वहीं यहां पर भगवान श्री देवनारायण जी की बाल प्रतिमा स्थापित है रोजाना भगवान श्री देवनारायण की चार प्रहर पूजा की जाती है वहीं पास में ही भगवान श्री देवनारायण जी के प्रिय नीलाघर घोड़े की प्रतिमा स्थापित है । इसी डूंगरी पर ही भगवान श्री देवनारायण जी के नीलगर घोड़े का अवतार हुआ था । सामाजिक समरसता के प्रतिक भगवान श्री देवनारायण जी ने लोक कल्याण में कई कार्य किए, यहां पर अनेक विशेष कार्यक्रमों पर भक्तों द्वारा नीम के पेड़ लगाने की परंपरा है पूरे राजस्थान के कई गांव में श्री देवनारायण जी के देवर बने हुए हैं ।

### केंद्रीय मंत्री सहित कई जनप्रतिनिधि आएंगे

रविवार को होने वाले 1114 वे जन्मोत्सव के मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, आसींद विधायक जबर सिंह सांखला, विधायक लादू लाल पितलिया,पूर्व मंत्री जोगिंदर सिंह अवाना, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व मंत्री कालू लाल गुर्जर, पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, उपजिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर, नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, मनसुख सिंह गुर्जर, धनराज गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि आएंगे।

आसरलाई पीएचसी को जिला स्तरीय सम्मान मिला

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर में चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) आसरलाई (जैतारण ब्लॉक) को सम्मानित किया गया।

पीएचसी आसरलाई को गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव-पूर्व जांच सेवाएं प्रदान करने, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उपचार और प्रभावी फॉलो-अप सेवाएं सुनिश्चित करने में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह सम्मान मिला। यह पुरस्कार सत्र 2025-26 के लिए प्रदान किया गया। इसी अभियान के तहत जैतारण ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. लोकेशना तुनगरिया को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया।

इस उपलब्धि पर जटिया पंचायत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र तुनगरिया सहित विभिन्न पदाधिकारियों और सदस्यों ने डॉ. लोकेशना तुनगरिया और स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी। इस सम्मान से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में प्रेरणा मिली है।

# लगनम स्पिनटेक्स में साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन, क्रिकेट में एडमिन टीम बनी विजेता

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** रिको ग्रोथ सेंटर स्थित लगनम स्पिनटेक्स लिमिटेड में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण एवं हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में समापन हुआ। कंपनी के एचआर हेड रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 19 जनवरी को किया गया था,जिसमें कंपनी की विभिन्न टीमों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।प्रतियोगिता के दौरान क्रिकेट,वॉलीबॉल,100 मीटर दौड़,लेमन रेस,चेयर रेस सहित कई रोचक एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। खेलों में कर्मचारियों ने खेल भावना एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एडमिन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एस क्यू सी टीम ने जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में सुरक्षाकर्मी केसरीमल खटीक ने प्रथम स्थान हासिल कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।समापन समारोह के अवसर पर विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को कंपनी के चेयरमैन द्वारका प्रसाद मंगल एवं कार्यकारी निदेशक शुभ मंगल द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान यह भी घोषणा की गई कि विजेता खिलाड़ियों को आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कंपनी के चेयरमैन के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक प्रदान किए जाएंगे।इस अवसर पर कंपनी के डीजीएम प्रमोद कुमार पांडे, एचआर हेड रमेश चंद्र शर्मा, एस क्यू सी हेड अमरीश पुंडीर, चीफ इंजीनियर सुमित कुमार शर्मा, मार्केटिंग हेड एम.एस.नेगी, सुरक्षा अधिकारी सोनू कुमार जोशी, मेंटेनेंस हेड नितेश कटारिया, स्टोर हेड दिनेश पारीक, आईआर के राजेश सेन सहित बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में टीम भावना,खेल भावना एवं आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना रहा,जिसे सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ सफल बनाया।



# गायत्री मंदिर में बसंत पंचमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया



स्मार्ट हलचल

भीनमाल के गायत्री मंदिर में बसंत पंचमी पर एक छोटा सा पाँच कुंडीय गायत्री यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के संपन्न हुआ जिसमें कुछ श्रद्धालुओं ने आहुतियाँ अर्पित की शांति एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसंत पंचमी आगमन से संस्कृति का परिष्कार होता है और बसंत के आगमन से प्रकृति निखर जाती है गायत्री परिवार में आंवलखेड़ा से आए एक संत पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने अपनी तप-साधना और विचार क्रांति के माध्यम से विश्व के कोने-कोने में सुधार का बिगुल बजाया। उन्होंने बताया कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की तप-साधना का शताब्दी वर्ष चल रहा है, जो एक दिव्य ईश्वरीय योजना का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण है इस हवन में मोतीलाल सोलंकी, हितेश खंडेलवाल, नवरत्न अग्रवाल, ईश्वरसिंह सेवड़ी, पारुल मीणा सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे!

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर सरस सभागार में दिलाई गई मतदान की शपथ

निष्पक्ष मतदान का संकल्प, लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान मतदान लोकतंत्र की रीढ़ — चैनसिंह राठौड़



स्मार्ट हलचल |कोटा

राष्ट्रीय मतदाता दिवस की पूर्व संध्या पर सरस सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संघ अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

कोटा बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक व संवैधानिक दायित्व है कि वह निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदारी के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से जाति, धर्म, लोभ-लालच और किसी भी प्रकार के दबाव से मुक्त होकर मतदान करने का आह्वान किया।

उन्होंने यह भी कहा कि जागरूक मतदाता ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखते हैं। युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाती है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा अन्य नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

# संत नामदेव ज्ञानोदय दिवस मनाया



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** श्री विठ्ठल नामदेव सेवा समिति शाहपुरा द्वारा आज बसंत पंचमी के पावन पर्व पर भगवान श्री चारभुजा नाथ दर्जीयान मंदिर ,एजेंसी मोहल्ला शाहपुरा मे संत शिरोमणि नामदेव महाराज का ज्ञानोदय दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया. प्रात :10बजे यज्ञ (हवन )का कार्यक्रम रखा गया. स्वस्ती वाचनम, शान्तिकरणम, प्रार्थनोपासनामंत्रम का पाठ किया गया. बसंत पंचमी के वेद मंत्रो एवं वैदिक श्रीसूक्तम के मंत्रो द्वारा आहुतियाँ लगा कर विश्व कल्याण, सुःख, शान्ति, समृद्धि एवं आरोग्यता की कामना की गई.यज्ञ प्रार्थना व राष्ट्रीय प्रार्थना द्वारा देश मे प्रेम भावना, खुशहाली व योगक्षेमकारी स्वाधीनता के लिए मंगलकामनाएं की गई. यज्ञ मे नामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र बुला, यज्ञ पुरोहित श्रीसत्य नारायण तोलम्बिया, संगठन मंत्री सुरेन्द्र बूला, रामेश्वर डीडवानिया ,नन्द किशोर सर्वा,दीपक किजड़ा, आजाद सर्वा, आशीष पीला आदि ने आहुतियाँ दी ।

अंत मे भगवान श्रीविठ्ठल व संत शिरोमणि नामदेव महाराज कीआरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया।

# भीलवाड़ा में स्थायी लोक अदालत आम आदमी के लिए हुई आसान, न्याय आपके द्वार अभियान शुरू

बिजली-पानी, बैंक-बीमा से लेकर नगर निकाय, स्वास्थ्य तक की समस्याओं का होगा समाधान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व स्थायी लोक अदालत भीलवाडा के ''न्याय आपके द्वार'' के 3 माह के विशेष अभियान हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष शहाबुद्दीन जिला विधिक सेवा के सचिव विशाल भार्गव के निर्देशानुसार स्थायी लोक अदालत के सदस्य गोवर्धनसिंह कावडिया ने गोल प्याउ, सदर बाजार के व्यापारियों व वरिष्ठ नागरिको को लोक जन उपयोगी समस्याओं के सुलभ एवम् त्वरित समाधान के बारे में स्थायी लोक अदालत की कार्यविधि के बारे मे बताया। स्थायी लोक अदालत के सदस्य गोवर्धनसिंह कावडिया ने बताया कि स्थायी लोक अदालत में आम आदमी की लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान होता है।



तीन माह के अभियान के तहत दिनांक 10 फरवरी 2026 तक सम्पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क है तथा स्थायी लोक अदालत एक न्यायिक संस्था जहां आमजन की लोक उपयोगी सेवाओं जैसे बिजली, पानी, परिवहन, बैकिंग एवं बीमा, नगर निकाय, स्वास्थ्य सेवाएं, शैक्षिक एवं शैक्षणिक सेवाएं आवास एवं भूसंपदा सेवाए, एलपीजी सेवा आदि से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई होती है। कार्यक्रम में राजेश कंकरेचा, अरूण संतोष मुछाल, सत्यनारायण डाणी, विनोद गगरानी, शिव डांगी, शिव अग्रवाल, अरविन्द मुछाल, सुनील चौधरी, सुशील जैन, सुभाष जैन, मनोज तुलसानी, व अन्य गणमान्य आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

जन उपयोगी समस्याओं के लिए विहित प्रारूप अथवा सरल हस्तलिखित प्रार्थना पत्र रालसा के समर्पित मोबाइल नम्बर 9119365734 पर सीधे व्हाट्सअप पर व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हैल्पलाइन नम्बर 8306002107 पर भी भेजी जा सकती है। स्थायी लोक अदालते लोक उपयोगी सेवाए-समस्याओं, का सुलभ एवं सस्ता समाधान है।

# छात्रा रिंकू कीर का पद्माक्षी पुरस्कार योजना में चयन

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलिया कलां की छात्रा रिंकू कीर का चयन पद्माक्षी पुरस्कार योजना में हुआ है।। विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल जाट ने बताया कि छात्रा का चयन कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर मेरिट से हुआ है।चयनित बालिका के खाते में राज्य सरकार द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर पुरस्कार राशि50000 डीबीटी से जमा करवाए गए हैं।

इससे पूर्व छात्रा रिंकू का चयन मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना व डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के अंतर्गत भी हो चुका है । रिंकू कीर के पद्माक्षी पुरस्कार योजना व मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना में चयनित होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर छा गई है। सभी क्षेत्र वासियों ने छात्रा व परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी। छात्रा के पिता द्वारका प्रसाद कीर किसान है एवं माता गृहिणी है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलिया कलां की कई छात्राएं अब तक गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार, एनएमएमएस योजना, इंस्पायर अवार्ड योजना, राज्य प्रतिभावान खोज परीक्षा सहित कई योजनाओं में लाभान्वित हो चुकी है। लगातार कई वर्षों से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सर्वोदय विचार परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर रही है।

# पन्नालाल महाराज की पुण्यतिथि एवं गुरु आचार्य सोहनलाल महाराज जयंती मनाई

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

प्राज्ञ जैन महिला मंडल के तत्वावधान में श्री पन्नालाल जी महाराज साहब की पुण्यस्मृति दिवस एवं गुरु आचार्य श्री सोहनलाल जी महाराज साहब की जन्मजयंती के पावन अवसर पर सामयिक दिवस एवं गुरु गुणगान कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम संरक्षिका श्रीमती बसंता डांगी एवं श्रीमती सुनीता जी पीपाड़ा के सानिध्य में आयोजित किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष मधु मेडतवाल एवं मंत्री मधुलोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के रूप में प्राज्ञचालीसा द्वारा की गई। इसके पश्चात सामायिक के साथ गुरु गुणगान कार्यक्रम आयोजित किया गया।




इस अवसर पर श्रीमती सुनीता जी पीपाड़ा, किरण जी सेठी, सुशिला जी दुग्गड़, नीलू जी पानगड़िया, अरुणा जी पोखरना, रेखा बुरड़ एवं प्रतिभा बड़ोला ने अपने भावपूर्ण विचार अभिव्यक्त किए।

संरक्षिका बसंता डांगी ने गुरुदेव के गुणों पर प्रकाश डालते हुए कँहा बसंत ने सिखाया जीवन में रंग भरो पन्ना गुरु ने सिखाया राग से आगे बढ़ो जब ज्ञान को संयम का दीप मिल जाता है तभी आत्मा के आंगन में सच्चा बसंत चढ़ जाता है कार्यक्रम के दौरान अनेक प्रकार की धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गुरु गुणगान विषय पर भजन प्रतियोगिता को विशेष रूप से अनूठे स्वरूप में आयोजित किया गया।

साथ ही 3-4 आध्यात्मिक एवं मनोरंजक खेल भी खिलाए गए। इन सभी प्रतियोगिताओं एवं खेलों के विजेताओं को संरक्षिका बसंता डांगी द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष मधु मेडतवाल द्वारा आभार अभिव्यक्त किया गया साथ ही सभी उपस्थित बहनों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के उपरांत दाल-ढोकला पार्टी का आयोजन मधु जी लोढ़ा के सहयोग से की गई।

इस अवसर पर ज्योति पोखरना, मंजू पीपाड़ा, डिंपल सिंघवी, चंदना भंडारी, उषा बोरडिया, प्रीति कांकरिया, सुशीला पोखरणा, रेखा डांगी, नीलम सेठी, अर्पिता खमेसरा, सुनीता बागचार, सविता बाबेल, इंदिरा डांगी, ममता पोखरना, सीमा सिसौदिया, सीमा बाफना, चंचल कोठारी, मंगला भाणावत, मधुसुराना प्रीतम सिसोदिया, ज्योति डूंगरवाल, सुषमा डूंगरवाल, सुमित्रा कछारा, स्नेह लता कछारा, चंदा बुरड, सुनीता बुरड़ प्रीति सुराणा, राजेश्वरी बाबेल, सीमा पानगढ़िया,संगीता पानगढ़िया रानू डूंगरवाल, ममता पोखरणा, सुनीता पोखरणा, चेष्टा बुरड़ सहित अनेक बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम संपूर्ण रूप से श्रद्धा, भक्ति, संस्कार और संगठनात्मक एकता का सुंदर उदाहरण बना।

# पीपलूंद मे भगवान श्री देवनारायण का 1114 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया, शोभायात्रा निकाली

स्मार्ट हलचल

**पीपलूंद।** भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर उपखंड क्षेत्र के पीपलूंद कस्बे में गुर्जर समाज के आराध्य देव श्री देवनारायण भगवान के 1114 वीं जन्म जयंती जन्मोत्सव के पूर्व शनिवार को गुर्जर समाज की ओर से शोभायात्रा डीजे के साथ में निकाली गई। शोभायात्रा में देवनारायण के भजनों पर नाचते-झूमते हुए श्रद्धालुओं और गुर्जर समाज के लोगों सहित महिलाओं युवक युवतियों ने धूमधाम हर्षोल्लास के साथ में शोभायात्रा निकाली। गुर्जर समाज के आराध्य देव भगवान श्री देवनारायण के 1114 वां जन्मोत्सव धूमधाम हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया। शनिवार शाम को रात्रि जागरण भजन संध्या का आयोजन होगा। शोभायात्रा बीलों का मंड देवनारायण मंदिर से डीजे के साथ में प्रारंभ होकर कांकरिया खेडा से होती हुई मेन रोड, से पीपलूंद बस स्टैंड, देव जी का थड़ा, तेली मोहल्ला, चारभुजा मंदिर, रेगर मोहल्ला, तेजाजी मंदिर, रामदेव मंदिर, गोपीनाथजी मंदिर, बालाजी मंदिर , सहित कस्बे के विभिन्न मार्गो से होती हुई वापस बीलों का मंड देवनारायण मंदिर पर पहुंची। जहां पर निशान (धवजा) को मंदिर के शिखर पर चढ़ाकर, पूजा अर्चना की गई।



इस अवसर पर भोजू गुर्जर , देवराज गुर्जर, लक्ष्मण गुर्जर, सोराज गुर्जर, उदा गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर,पप्पू गुर्जर, सीताराम गुर्जर, रमेश गुर्जर, हरचंदा गुर्जर, सहित इत्यादि गुर्जर समाज के लोग मौजूद रहे।

# उप शासन सचिव शिक्षा जयपुर व सीबीईओ मेड़ता ने किया पीएम श्री विद्यालय जारोड़ा का औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाओं व नवाचारों से हुए प्रभावित

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** नागौर जिले की मेड़ता सिटी तहसील के ग्राम जारोड़ा स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का शनिवार को शिक्षा विभाग की उप शासन सचिव शिक्षा जयपुर मोनिका बलारा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) मेड़ता निर्मला मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, भौतिक संसाधनों, अनुशासन तथा नवाचार आधारित गतिविधियों का गहन अवलोकन किया और व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की।

निरीक्षण के समय उप शासन सचिव मोनिका बलारा ने कहा कि पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा ने न केवल नागौर जिले में बल्कि पूरे राजस्थान प्रदेश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जो इसे अन्य विद्यालयों से अलग बनाता है।

उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, कक्षा-कक्षों की सुंदर सजावट, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुशासन तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की विशेष रूप से प्रशंसा की। उप शासन सचिव ने कहा,

'विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण देखने को मिला है। यदि भविष्य में अवसर मिला तो मैं पुनः इस विद्यालय का दौरा



अवश्य करना चाहूंगी। '

वहीं सीबीईओ निर्मला मिश्रा ने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, नवाचारों और शिक्षकों की प्रतिबद्धता को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालय जारोड़ा अन्य सरकारी विद्यालयों के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है और यहां अपनाए गए नवाचारों को अन्य विद्यालयों में भी लागू किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर में निर्मित संविधान कक्ष का विशेष अवलोकन किया। संविधान कक्ष को देखकर दोनों अधिकारी अत्यंत प्रभावित नजर आए। उन्होंने बताया कि सामान्यतः अन्य विद्यालयों में संविधान कक्ष 20म20 फीट के आकार में बनाए जाते हैं, जबकि पीएम श्री विद्यालय जारोड़ा में यह कक्ष 20म40 फीट के विशाल क्षेत्रफल में निर्मित है। यह कक्ष न केवल आकार में बड़ा है, बल्कि इसे अत्यंत सुंदर, आकर्षक एवं शैक्षणिक दृष्टि से उपयोगी ढंग से सजाया गया है, जो विद्यार्थियों में संविधान, लोकतंत्र और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कक्षा 10 में गणित विषय की कक्षा का भी अवलोकन किया। इस दौरान गणित के अध्यापक हरेंद्र द्वारा पढ़ाए जा रहे विद्यार्थियों से उप शासन सचिव मोनिका बलारा ने स्वयं गणित के प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों द्वारा सटीक और आत्मविश्वासपूर्ण उत्तर देने पर उप शासन सचिव अत्यंत प्रसन्न हुईं। उन्होंने गणित अध्यापक हरेंद्र की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि इस प्रकार की मेहनत और समर्पण ही विद्यार्थियों को सफलता की ओर ले जाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के पीईईओ मोहम्मद अख्तर नदीम, प्रधानाचार्य सुमित टांक, कैलाश चंद टांक, श्रवण राम मंडा, कमलेश बिश्नोई, हरेंद्र चौधरी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों ने विद्यालय परिवार को इसी प्रकार नवाचार, अनुशासन एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने विश्वास जताया कि पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में और भी नई उपलब्धियां हासिल करेगा तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करेगा।

# कोटा थर्मल में नियम विरूद्ध पदोन्नति संदेह के घेरे में

### छबड़ा व सुरतगढ़ थर्मल से कोटा थर्मल में आये कुछ तकनीकी कार्मिकों को दोहरा लाभ देने से बढ़ी दुविधा

स्मार्ट हलचल | कोटा

राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ, कोटा थर्मल के अध्यक्ष रामसिंह शेखावत ने राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी डी.के.श्रृंगी को ज्ञापन भेजकर बताया कि 'एक बारीय विशेष स्थानांतरण योजना 2018' के तहत छबडा व सूरतगढ थर्मल से कोटा थर्मल में आये कुछ तकनीकी कर्मचारियों को थर्मल के कार्मिक विभाग ने पदोन्नति एवं वरिष्ठता को दोहरा लाभ देकर नियम विरुद्ध कार्य किया है।

शेखावत ने बताया कि कोटा थर्मल प्रशासन द्वारा वन टाइम प्रमोशन स्कीम के निर्देश संख्या-8 की अवहेलना कर पुराने बिजलीघर में धारित पद के आधार पर पदोन्नति कर दी गई और उन तकनीकी कार्मिकों को आर्थिक लाभ देते हुये नवीन पद पर ज्वाइन करवा दिया। जिससे कोटा थर्मल में नियुक्त वरिष्ठ तकनीकी कर्मचारी की वरीयता नीचे हो गई और उनको आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

इस नियमविरूद्ध विसंगति के बारे में श्रम संघों द्वारा थर्मल एवं निगम प्रशासन को बार-बार अवगत कराया गया। थर्मल प्रशासन ने इस विवाद को दबाने के लिये दोहरा लाभ प्राप्त करने वाले कर्मचारियों से एक विकल्प पत्र भरवाया। जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि इस योजना में पदोन्नति लेना है तो उन कार्मिकों को अपने पूर्व मूल विद्युतगृह में जाना पड़ेगा और जो पदोन्नति छोड़ते हैं वे कोटा थर्मल में पदस्थापित रह सकते है। लेकिन विकल्प पत्र भरवाने के बाद थर्मल प्रशासन द्वारा आज तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

प्रशासन द्वारा दोबारा ''टाइम बाउंड प्रमोशन पॉलिसी'' अपनाने का विकल्प भी दिया गया लेकिन दोहरा लाभ प्राप्त करने वाले कर्मचारियों ने इस विकल्प पत्र को नहीं भरकर नियमों की अवहेलना की। थर्मल प्रशासन ने उनके विरूद्ध कार्रवाई करने की बजाय उनको लाभ देने की नीति अपनाई। कार्मिक विभाग ने 19 दिसंबर,2025 को एक आदेश जारी किया जो ''टाइम बाउंड प्रमोशन पॉलिसी'' अपनाकर कोटा थर्मल में आये कर्मचारियों के हित में नहीं है।

ज्ञापन में मांग की गई कि जिन 17-18 तकनीकी कार्मिकों ने कोटा थर्मल में कार्यग्रहण करने के पश्चात् पुराने विद्युत गृह से पदोन्नति का जो दोहरा लाभ लिया है उसे निरस्त कर उनको ''टाइम बाउंड प्रमोशन पॉलिसी'' अपनाने के निर्देश दिये जाये। इससे पदोन्नति के इस विवादित प्रकरण का समाधान हो सकेगा।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 'संडेज़ ऑन साइकिल'—ब्यावर में होगा फिट इंडिया साइक्लिंग ड्राइव

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला निर्वाचन अधिकारी कमल राम मीना ने जानकारी दी कि राज्य निर्वाचन विभाग, जयपुर द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में ब्यावर जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25 जनवरी 2026 को उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर 'Fit India Cycling Drive' के अंतर्गत Sundays on Cycle Initiative का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम 25 जनवरी 2026 (रविवार) को प्रातः 9:30 बजे जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नागरिकों में स्वस्थ जीवनशैली के साथ-साथ मतदान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु दिनेश चौधरी, जिला खेल अधिकारी, ब्यावर को नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे सभी जिला स्तरीय विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम का प्रभावी एवं सुचारु रूप से आयोजन सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने एवं फिट इंडिया अभियान को गति देने का आह्वान किया है।

# बसंत पंचमी पर सागर के हनुमान मंदिर शोक्या खेड़ा में आस्था का महाकुंभ

### यज्ञ ध्वज रोपण के साथ गूंजे जयकारे, भव्य शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र के शोक्या खेड़ा में बसंत पंचमी का पावन पर्व इस वर्ष भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के अनुपम संगम के रूप में मनाया गया। बिसुंदनी बांध स्थित प्राचीन सागर के हनुमान मंदिर में आयोजित यज्ञ अनुष्ठान की विधिवत शुरुआत यज्ञ ध्वज रोपण के साथ हुई, जिससे संपूर्ण क्षेत्र धर्ममय वातावरण में सराबोर हो गया।

प्रातः 10:15 बजे चारभुजा मंदिर से यज्ञ ध्वज की भव्य शोभायात्रा रवाना हुई। डीजे, नगाड़ों और भक्तिमय संगीत की धुनों पर थिरकते श्रद्धालु, मंगल गीत गाती महिलाएं और 'जय श्रीराम'



व 'हनुमान जी महाराज की जय' के गगनभेदी जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिरस से भर उठा। शोभायात्रा शोक्या खेड़ा, चौकी का झोपड़ा एवं गोपालपुरा होते हुए सागर के हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंची।

दोपहर 12:15 बजे मंदिर परिसर में संत गुरु महाराज हरिप्रिय दास जी (वृंदावन) एवं राजू जी महाराज (अजमेर) के पावन सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ ध्वज का विधिवत रोपण किया गया। इस शुभ अवसर पर वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया और श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यज्ञ आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह एवं धार्मिक उल्लास देखने को मिला। बसंत पंचमी का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

# सहजनपुर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन



स्मार्ट हलचल | हरनावदाशाहजी

सर्व हिन्दू समाज की ओर से भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर संत अभिराम दास त्यागी उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता श्री रामराज ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में हेम प्रकाश शर्मा ने विचार व्यक्त किए।

महामंडलेश्वर संत अभिराम दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक समरसता समाज के सभी वर्गों के बीच प्रेम, सम्मान और एकता स्थापित करने का आधार है। उन्होंने बताया कि समरसता ही शांति और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः हम सभी को भेदभाव रहित दृष्टिकोण अपनाते हुए समाज में समरसता का भाव बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम की समाप्ति पर विजय कुमार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# माही टॉक फेस्ट में मलखम्भ का रोमांच

### हरिदेव जोशी रंगमंच पर दिखी शक्ति, संतुलन और साधना की अद्भुत छटा



स्मार्ट हलचल | बांसवाड़ा

माही टॉक फेस्ट के अंतर्गत हरिदेव जोशी रंगमंच पर भारतीय परंपरागत खेल-कला मलखम्भ का भव्य और रोमांचक प्रदर्शन किया गया। रतलाम से आए प्रख्यात मलखम्भ कलाकार अर्जुन कुमार के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक कलाकारों ने अपने अद्वितीय कौशल, संतुलन और शारीरिक सामर्थ्य का ऐसा प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए।

कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने कठिन आसनों, तेज गति वाले करतबों और अनुशासित तालमेल के साथ मलखम्भ की विविध विधाओं को प्रस्तुत किया। ऊँचे खंभे पर निर्भीकता से किए गए अभ्यासों ने भारतीय योगिक परंपरा, साहस और साधना की गहरी झलक दिखाई। हर प्रस्तुति पर रंगमंच तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस मलखम्भ प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि भारत की पारंपरिक खेल विधाएं केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, एकाग्रता और संस्कारों की जीवंत पाठशाला हैं। माही टॉक फेस्ट के मंच से इस तरह की प्रस्तुतियों ने युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और भारतीय खेल परंपराओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

मलखम्भ कलाकारों की ऊर्जावान प्रस्तुति ने माही टॉक फेस्ट को कला, संस्कृति और शारीरिक साधना के अद्भुत संगम के रूप में स्थापित कर दिया।

कलाकारों का सम्मान पर्यावरणविद डॉ. रागिनी शाह, गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के डॉ. राकेश डामोर और डॉ. लोकेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन रंगकर्मी सतीश आचार्य ने किया।

# मरीजों का हालचाल जाना, आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था से प्रभावित हुए ओम बिरला

### लोकसभा अध्यक्ष ने अस्पताल की सुविधाओं का अवलोकन कर हॉस्पिटल प्रबंधन की प्रशंसा की

### स्वच्छ, सुव्यवस्थित और हाईटेक चिकित्सा केंद्र हाडौती की जनता के लिए लाभकर

स्मार्ट हलचल | कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज ईथॉस हॉस्पिटल, कोटा पहुँचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनकी कुशल-क्षेम पूछी तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बिरला ने मरीजों से उपचार, सुविधाओं और चिकित्सकीय सहयोग को लेकर संवाद भी किया।

अस्पताल निदेशक प्रदीप दाधीच ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बिरला ने ईथॉस हॉस्पिटल में उपलब्ध अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, मरीज-केंद्रित सेवाओं एवं दक्ष चिकित्सकीय टीम के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुव्यवस्थित और



अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र का शहर में होना अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे न केवल कोटा शहर, बल्कि संपूर्ण हाड़ौती संभाग के मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रहा है, जिससे उन्हें जयपुर, दिल्ली अथवा अन्य महानगरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। यह समय, धन और संसाधनों की बचत के साथ-साथ त्वरित उपचार सुनिश्चित करता है।

बिरला ने कहा कि ऐसे संस्थान क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करते हैं और आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अस्पताल के निदेशक प्रदीप दाधीच ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के आगमन पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें अस्पताल में संचालित विभिन्न सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सा सेवाओं, आधुनिक उपकरणों, आपातकालीन सुविधाओं, आईसीयू व्यवस्था और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है।

# आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक व महान स्वतंत्रता सेनानी बोस की जयंती मनाई



स्मार्ट हलचल

**सांचौर।** भारत के स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सांचौर नगरपालिका परिसर में नगरपालिका के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उनका जन्म जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई,

सुभाष चंद्र बोस के आगे नेताजी लगाया जाता है यह उपाधि उन्हें जर्मनी में इंडिशे लीजन के भारतीय सैनिकों और बर्लिन में भारत के लिए विशेष ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा दी गई थी

नेताजी का अर्थ 'सम्मानित नेता' होता है और वे आज़ाद हिंद फौज के संस्थापक व महान स्वतंत्रता सेनानी थे 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा' नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नारा था, 23 जनवरी 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है नेताजी का जीवन हमें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

# जीवन में सदैव उच्च शिखर पर पहुंचता है अनुशासित व्यक्तिः मून्दड़ा

## स्काउट गाइड का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ का वार्षिक अधिवेशन सीए अर्जुन मूंदड़ा की अध्यक्षता, उपाध्यक्ष लीडर ट्रेनर इन्द्र लाल आमेटा, सीओ स्काउट चन्द्र शंकर श्रीवास्तव, सहायक निदेशक समाज कल्याण ओमप्रकाश तोषनीवाल, एडीईओ (प्रा) सतीश दशोरा, प्रभारी कमिश्नर स्काउट शंभू लाल सोमानी, प्रभारी कमिश्नर गाइड विनोद राठी, प्रभारी कमिश्नर अखिलेश श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष व प्रधान स्थानीय संघ अर्जून मूंदड़ा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्काउटिंग को अनुशासन का पर्याय बताते हुए कहा कि अनुशासित व्यक्ति जीवन में सदैव उच्च शिखर पर पहुंचता है। अतः बालकों को स्काउटिंग से जुड़कर निरंतर प्रगति हेतु प्रयास करने चाहिए। चेयरमैन स्थानीय संघ लक्ष्मी नारायण दशोरा ने बालकों के सर्वांगीण विकास में स्काउटिंग की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट किया। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग ओमप्रकाश तोषनीवाल ने स्काउट संस्था को एक पवित्र संस्था बताते हुए स्काउट गाइड से आह्वान किया कि बाल विवाह मुक्त भारत का स्वप्न स्काउट गाइड के सक्रिय सहयोग एवं वातावरण निर्माण से ही संभव है।

# विकसित भारत : पंच परिवर्तन (एक महत्वपूर्ण पहल) पुस्तक का हुआ भव्य विमोचन

# 'विकसित भारत : पंच परिवर्तन' राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण वैचारिक कृति – सुनील आंबेकर

स्मार्ट हलचल | जयपुर/जमवारामगढ़

कांस्टिट्यूशनल क्लब ऑफ राजस्थान में आयोजित एक गरिमामय समारोह में 'विकसित भारत : पंच परिवर्तन (एक महत्वपूर्ण पहल) ' पुस्तक का भव्य विमोचन संपन्न हुआ। पुस्तक विमोचन अवसर पर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सुनील आंबेकर ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि विकसित भारत की संकल्पना केवल आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि उसका वास्तविक अर्थ हमारी संस्कृति, सामाजिक चेतना, नागरिक मूल्यों और नैतिकता को सहेजने में निहित है। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन – आत्मनिर्भरता, सशक्त



पारिवारिक कुटुंब प्रबोधन, तकनीकी विकास, नागरिक कर्तव्य और भारत की विशिष्ट पहचान 'अनेकता में एकता' अर्थात समरसता –इन सभी के माध्यम से भारत अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सुरक्षित रखते हुए विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने पंच परिवर्तन को भारतीय संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण आधार बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में भारत तेज़ी से विकास की ओर अग्रसर है और यह यात्रा केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक चेतना और सहभागिता से पूर्ण होगी। उन्होंने इस पुस्तक को विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक उपयोगी वैचारिक मार्गदर्शक बताया।

विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (स्रस्रद्बह्लद्बश्ठ्ठद्य ष्ठष्ठक्क) रानू शर्मा ने पुस्तक विमोचन पर शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की वैचारिक रचनाएँ नागरिक कर्तव्यों, सामाजिक अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अपने वक्तव्य में पुस्तक के संपादक डॉ. राजा भोज शर्मा ने कहा कि यह पुस्तक वर्षों के आत्मचिंतन, शैक्षणिक अनुभव और सामाजिक संवाद का परिणाम है। उन्होंने बताया कि यह कृति नीलाक्षी महर्षि, डॉ. काना राम रैगर, डॉ.दीपक वर्मा, डॉ. पुनीत कुमार रेबारी, डॉ सुरेश शर्मा,डॉ. ईश्वर सिंह शेखावत, डॉ. रजत कुमार गुजराल, वीर विक्रमादित्य, डॉ. रामसिंह मीणा एवं सुनीता मीणा के संयुक्त लेखन का परिणाम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समरसता, सशक्त परिवार, स्वावलंबन, पर्यावरण चेतना और नागरिक कर्तव्य – ये पंच परिवर्तन भारत को विकसित, संस्कारित और समरस राष्ट्र बनाने की आधारशिला हैं।

वक्ताओं ने एकमत से कहा कि 'विकसित भारत : पंच परिवर्तन (एक महत्वपूर्ण पहल) ' केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि समाज में आत्ममंथन, संवाद और सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित करने वाला एक महत्वपूर्ण वैचारिक दस्तावेज़ है। कार्यक्रम का संचालन नीलाक्षी महर्षि द्वारा किया गया।कार्यक्रम में शिक्षा, प्रशासन, साहित्य तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं एवं बुद्धिजीवियों की उपस्थिति रही।

# श्याम परिवार की छठी पैदल यात्रा 2 को

स्मार्ट हलचल | लाखेरी

कस्बे में श्याम परिवार ने छठी पैदल यात्रा के आयोजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी। श्याम परिवार लाखेरी की ओर से देई खाटू श्याम के लिए 2 फरवरी 2026 सोमवार को पैदल यात्रा चारभुजा मंदिर से प्रारंभ होगी।जो कस्बे के विजय गेट, गांधी पुरा , चुंगी नाका, नयापुरा इंद्रगढ़ होते हुए देई खाटू श्याम 3 फरवरी को पहुंचेगी। शोभायात्रा में बैंड बाजे, डीजे आदि शामिल होंगे, भक्त धूमधाम से नाचते गाते पैदल यात्रा में शामिल होंगे। पैदल यात्रा में इत्र, फूलों की वर्षा भी होगी । शोभायात्रा 3 फरवरी मंगलवार को शाम को 5:00 बजे खाटू श्याम देई धाम पहुंचेगी उसके बाद वहां आरती के बाद लाखेरी नगर की ओर से भंडारा किया जाएगा।

# माही टॉक फेस्ट 4.0 का उद्घाटन सत्र: 'एकात्म भारत' थीम पर हुआ विचार-संवाद और सांस्कृतिक मंथन

## संवाद, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्रबोध को सशक्त करने का प्रयास







स्मार्ट हलचल | बांसवाड़ा

गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा एवं विश्व संवाद केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय साहित्य, संवाद और कला उत्सव माही टॉक फेस्ट (रूस्त्र) 4.0 का औपचारिक उद्घाटन शनिवार को विश्वविद्यालय सभागार में हुआ। यह फेस्ट 23 से 25 जनवरी तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें साहित्य, लोकसंस्कृति, मीडिया, कला, राष्ट्रबोध और समकालीन विषयों पर गहन विचार-मंथन किया जा रहा है।

### 'एकात्म भारत' की अवधारणा पर केंद्रित रहा उद्घाटन सत्र :

माही टॉक फेस्ट 4.0 की थीम 'एकात्म भारत' रही, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता, जनजातीय चेतना, संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्ति पर विविध सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। उद्घाटन सत्र में जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बांसवाड़ा डॉ. इन्द्रजीत यादव, ह्रस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संवाद, विचार और संस्कृति के माध्यम से ही राष्ट्र निर्माण को नई दिशा दी जा सकती है। डॉ. यादव ने माही टॉक फेस्ट की थीम को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' से प्रेरित बताते हुए एक लघुकथा प्रस्तुत करते हुए कहा कि विकास की गति कनखजूरे की तरह निरंतर और संतुलित होनी चाहिए, जबकि गीदड़ जैसी दिग्भ्रमित करने वाली शक्तियों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से इस प्रकार के वैचारिक आयोजनों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

### कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने युवाओं से किया आह्वान

उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. केशव सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने साहित्य को समाज का दर्पण बताते हुए माही टॉक फेस्ट जैसे आयोजनों को जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील स्तर तक ले जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### स्वबोध और सांस्कृतिक चेतना पर जोर

विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एन.के. पाण्डेय ने स्वबोध का आह्वान करते हुए कहा कि इसके अभाव में समाज अपनी नदियां, पर्वत और पुरखों की स्मृति खो देता है। उन्होंने वागड़ गंगा माही के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए हिमालय को देवतात्मा बताया और उस पर होने वाले आघात को भारत की आत्मा पर आघात कहा। इस अवसर पर संत रामस्वरूप महाराज ने वागड़ अंचल की नोतरा परंपरा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी बताया। सागर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर के.एल. बैरवा ने गोविंद गुरु के प्रेरक व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए माही टॉक फेस्ट को शैक्षिक एवं बौद्धिक उन्नयन का महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

स्वागत उद्बोधन विश्वविद्यालय की कुलसचिव कश्मी कौर ने दिया। माही टॉक फेस्ट का विस्तृत परिचय एवं गतिविधियों की जानकारी संयोजक डॉ. कमलेश शर्मा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लोकेंद्र कुमार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन शफकत राणा ने किया।

### लोक साहित्य को समर्पित रहा प्रथम सत्र

उद्घाटन सत्र के पश्चात आयोजित प्रथम सत्र में हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. एन.के. पाण्डेय ने लोक साहित्य और एकात्म भारत विषय पर संवाद किया।

सत्र के मॉडरेटर डॉ. कमलेश शर्मा रहे। प्रो. पाण्डेय ने कहा कि लोक साहित्य जन-आत्मा की आवाज है और यह केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की चेतना और भविष्य की दिशा भी है। इस सत्र में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. राजेश जोशी ने त्रिपुरा सुंदरी विषय पर प्रबोधन दिया। सत्र का संचालन अर्पित जैन ने किया।

### मीडिया और डिजिटल युग पर केंद्रित सत्र :

माही टॉक फेस्ट के दूसरे दिन केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के प्रो. अमिताभ श्रीवास्तव ने कम्युनिटी रेडियो विषय पर संवाद किया। सत्र की मॉडरेटर अर्चना शर्मा रहीं तथा संचालन नीरज श्रीमाली ने किया। इसके पश्चात प्रभव उपाध्याय ने डिजिटल युग में साहित्य का स्वरूप विषय पर प्रस्तुति दी।

### सोशल मीडिया पर योगेश राजपुरोहित का संवाद

सोशल मीडिया एवं आईटी एक्सपर्ट योगेश राजपुरोहित ने डिजिटल युग में साहित्य विषय पर चर्चा करते हुए सोशल मीडिया पर जिम्मेदार व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वायरल पेंग्विन वीडियो का उदाहरण देते हुए कहा कि बिना संदर्भ के वायरल कंटेंट समाज को भ्रमित कर सकता है। इस सत्र के मॉडरेटर विकास छाजेड़ रहे तथा संचालन मामराज ने किया।

### पुस्तक विमोचन :

माही टॉक फेस्ट के दूसरे दिन डॉ. सरला पंड्या की पुस्तक 'विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में सांस्कृतिक चेतना' का विमोचन किया गया।

### कलक्टर ने किया बुक फेयर और प्रदर्शनी का अवलोकन

जिला कलक्टर डॉ.इंद्रजीत यादव ने आज माही टॉक फेस्ट के तहत आयोजित एनबीटी के बुक फेयर और संविधान विषयक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विकास छाजेड़ व डॉ. कमलेश शर्मा ने कलक्टर को प्रदर्शनी व बुक फेयर का अवलोकन कराया और यहां प्रदर्शित पुस्तकों और प्रदर्शनी की विषयवस्तु के बारे में कलक्टर को अवगत कराया। कलक्टर ने भी प्रदर्शनी और बुक फेयर को युवाओं और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया और इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रो. राजेश जोशी, प्रो. नरेंद्र पानेरी, डॉ. प्रमोद वैष्णव, डॉ. राकेश डामोर, डॉ. लोकेन्द्र कुमार विश्व संवाद केंद्र की ओर से मदन मोहन टांक, डॉ. कमलेश शर्मा, डॉ. सुनील कुमार खटीक, विकास छाजेड़, नीरज श्रीमाली, मामराज, जयराज सहित बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी और विश्वविद्यालय स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### रील्स, वर्कशॉप और राष्ट्रबोध संवाद के साथ होगा समापन

माही टॉक फेस्ट के तहत 25 जनवरी को रील्स मेकिंग प्रतियोगिता, आर्ट ऑफ रीडिंग कार्यशाला, मीडिया-सरोकारी संवाद तथा आनंद मठ और वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर विशेष चर्चा होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीतमय स्टोरीटेलिंग प्रस्तुति भी शामिल रहेगी। फेस्ट का समापन सत्र 25 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राजस्थान के क्षेत्र प्रचारक श्री निंबाराम जी मुख्य अतिथि के रूप में 'राष्ट्र साधना के 100 वर्ष' विषय पर विचारोत्तेजक संवाद प्रस्तुत करेंगे।

# किराणा स्टोर में हुई नकबजनी का पर्दाफाश, सात गिरफ्तार

## 3.50 लाख रूपये का सामान बरामद

**चित्तौड़गढ़।** सदर थाना क्षेत्र के ओछड़ी चौराहा स्थित किराणा स्टोर में दीवार में छेद कर हुई चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने सात युवकों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन व 3.50 लाख रूपये का सामान बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि गत 17 जनवरी की रात्रि निम्बाहेड़ा रोड पर ओछड़ी चौराहा स्थित महेन्द्रनाथ योगी की चारभुजा इन्टरप्राईजेज किराणा की दुकान से अज्ञात बदमाश पीछे की दीवार में छेदकर किराणा सामान चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जिस पर थानाधिकारी प्रेमसिंह के निर्देश पर एएसआई मुरलीदास द्वारा कांस्टेबल गजेन्द्रसिंह, विनोद, हेमेन्द्र सिंह व जगन्नाथ की टीम के साथ अनुसंधान करते हुए वारदात में लिप्त बदमाशों की पहचान की गई।

पुलिस टीम ने चोरी के आरोप में ओछड़ी निवासी राजू लाल जटिया (31) पुत्र डाल चंद जटिया, कन्हैया लाल भील उर्फ काना भील (24) पुत्र हिरा लाल, मुरली सरगरा (35) पुत्र डाल चंद सरगरा, जीतु धोबी (25)पुत्र भैरू लाल धोबी, गोविन्द उर्फ नकरिया भील (20) पुत्र रतन लाल भील, गांधीनगर भीलवाड़ा हाल ओछड़ी निवासी निवासी साहिल भील (19) पुत्र भंवर लाल भील और सेमलिया थाना शम्भुपुरा निवासी राधेश्याम रेगर (22) पुत्र देवकिशन रेगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का 3.50 लाख रूपये का सामान भी बरामद कर लिया।

# बाइक पर तस्करी की जा रही 220 ग्राम स्मैक जब्त, दो गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़।** जिले की निम्बाहेड़ा सदर थाना पुलिस ने शनिवार को नाकाबंदी के दौरान एक बाइक पर तस्करी की जा रही 220 ग्राम स्मैक जब्त कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन व डीएसपी बद्रीलाल के सुपरविजन में थानाधिकारी संजय शर्मा के निर्देश पर शनिवार को उप निरीक्षक सुरेश चंद्र द्वारा एएसआई सुन्दरपाल, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार (डीएसटी), हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, कांस्टेबल जीवन लाल, ओपीला राम, दयाराम व डीएसटी के कांस्टेबल रतन कुमार, अमित, अजय व बलराम द्वारा थाने के सामने वण्डर पुलिया के पास हाईवे रोड पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान नीमच-प्रतापगढ की तरफ से मोटरसाइकिल पर आए दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली गई। जिसमें उनके कब्जे से 220 ग्राम अवैध स्मैक मिली। जिसे मोटरसाइकिल सहित जब्त कर राहुल (22) पुत्र भेरूलाल मिणा निवासी जिरावता थाना कोटड़ी जिला प्रतापगढ़ व सुरेश कुमार (20) पुत्र भीमराज मीणा निवासी भेरूखाखरा थाना कोटड़ी जिला प्रतापगढ़ को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा स्मैक के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है।

# राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



स्मार्ट हलचल | बानसूर

राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में द्वितीय चरण के दूसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि वन्दे मातरम् की रचना बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने की थी, जिसे उनके उपन्यास आनंद मठ में स्थान मिला। यह गीत स्वतंत्रता आंदोलन का प्रेरणास्त्रोत रहा और स्वतंत्रता के बाद इसे राष्ट्रगीत का दर्जा दिया गया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कविता पाठ, निबंध, पोस्टर, वाद-विवाद एवं रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम व राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्य व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मेवाड़ के भीष्म पितामह रावत चुंडा की जयंती 26 जनवरी को जौहर भवन पर

स्मार्ट हलचल



**राजपुरा।** चित्तौड़गढ़, क्षत्रिय समाज के समस्त महानुभावों से हर्ष के साथ सूचित किया जा रहा है कि इस वर्ष सत्यव्रत रावत चुंडा जी की 648 वी जयंती 26 जनवरी सोमवार 2026 को है *इसलिए यह आयोजन हर जिले एवं तहसील स्तर पर मनाया जावेगा। चित्तौड़गढ़ में *मेवाड़ के भीष्म पितामह सत्यव्रत रावत चुंडा जी की जयंती 25 जनवरी रविवार 2026 को सायं बाण माता मंदिर चित्तौड़ दुर्ग पर रात्रि जागरण एवं जयंती समारोह 26 जनवरी सोमवार 2026 सायं 4:15 बजे जौहर भवन पर रावत यशवर्धन सिंह जी बस्सी, कर्नल रणधीर सिंह जी बस्सी एवं मुख्य वक्ता एवं महामंत्री लोकेंद्र सिंह ज्ञानगढ़ के सानिध्य में आयोजित होगा। जिसमें आप अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रद्धांजलि अर्पित करें।

# कांग्रेस कार्यालय पर सिसोदिया करेंगे ध्वजारोहण

**चित्तौड़गढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक ध्वजारोहण कर मनाया जायेगा।

जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि स्टेशन रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में 26 जनवरी सोमवार को प्रात.8.45 बजे जिला अध्यक्ष सिसोदिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक, एआईसीसी, पीसीसी, सदस्य जिला, ब्लॉक, मंडल, पदाधिकारी नगर निकाय, पंचायत राज के प्रतिनिधि व अग्रिम संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# सुभाष बोस जयंती पर पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता



**चित्तौड़गढ़।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित जिला इकाई माय भारत के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल कपासन में प्रधानाचार्य भेरूलाल वीरवाल की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पोस्टर एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ अध्यापक संपत लाल गाडरी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन परिचय, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान एवं अदम्य साहस पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इसके साथ ही सुरेश चंद्र शर्मा, शिव शंकर कोली, अजय शर्मा एवं छात्र आर्यन सालवी ने भी विचार व्यक्त करते हुए नेताजी के प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, नोटबुक एवं पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित विद्यार्थियों को राष्ट्रसेवा एवं देशभक्ति की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान पूरण मल जाट, सुरेश चंद्र शर्मा, दया शंकर जोशी, संपत लाल गाडरी, बद्री लाल विजयवर्गीय, इंदिरा शर्मा, संदीप पाराशर आदि उपस्थित रहे।

# पौंख में 21 कुण्डीय अन्नपूर्णा महायज्ञ को लेकर बसंत पंचमी पर भूमि पूजन



## 6 से 14 फरवरी तक चलेंगे कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**ककराना।** पौंख के प्रसिद्ध मालखेत कानड़दास आश्रम की पहाड़ियों की तलहटी के सेवादास आश्रम में 6 से 14 फरवरी तक होने वाले 21 कुण्डीय अन्नपूर्णा महायज्ञ का होगा। महंत विजय दास महाराज एवं भुजपाल दास महाराज के सानिध्य में यज्ञ की बसंत पंचमी पर विधिवित पूजा अर्चना कर ध्वजा स्थापना की गई।आयोजकों ने बताया कि 6 फरवरी को पोंख के गोपीनाथ मंदिर से सेवादास महाराज तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 14 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहूंति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है। ब्रह्मलीन दादूपंथी संत शिरोमणि कान्हडदास महाराज की पावन धरा पर आयोजित होने वाले महायज्ञ को यज्ञाचार्य वैदिक विष्णु शास्त्री वेद विभूषण शास्त्री उपाचार्य गोपाल शास्त्री एवं अजय शास्त्री सम्पन्न कराएंगे । इस अवसर पर आश्रम के महंत विजयदास महाराज, भुजपाल दास महाराज, समाज सेवी सुरेश मीणा किशोरपुरा गोपाल सिंह शेखावत पोंख, रविन्द्र सिंह पौंख, मनदीप सिंह, हनुमान सिंह, मनोहर सिंह, हर्षा राम सैनी, श्योपाल कुमावत, महावीर सैनी, राजू गुर्जर, दलीप सैनी, मूलचंद सैनी, बद्री सैनी, नरपत सिंह, श्रवण गुर्जर मोहन गुजर, पंडित विष्णु शास्त्री, नरेश महाराज गुडा, तेजपाल शेखावत, बिलू सिंह शेखावत, उपसरपंच लक्ष्मण सिंह, सांवर मल सैनी, सीताराम दास महाराज, रिटायर प्रधानाचार्य महावीर मास्टर, रामदेव सैनी नेता, जैकी सिंह, धन सिंह पौंख, राकेश नायक सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# जिला स्तरीय स्किल एग्जिबीशन कम कॉम्पिटिशन प्रतियोगिता हुई आयोजित

स्मार्ट हलचल



**करौली।** जिले में संचालित व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय स्किल एग्जिबीशन कम कॉम्पिटिशन प्रतियोगिता का आयोजन आज भंवर विलास मैरिज गार्डन, करौली में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ सर्वेश कुमार गुप्ता एडीपीसी समसा करौली ने किया। इस अवसर पर केशर सिंह नरूका ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

समसा करौली के कार्यक्रम अधिकारी मेघराम मीना ने बताया कि जिले में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के करीब 97 विद्यालयों के लगभग 121 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने अपनी,- अपनी ट्रेड के मॉडलों का प्रदर्शन किया। अलग - अलग ट्रेडों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अशोक कुमार सैनी ने किया। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थी राज्य स्तरीय स्किल एग्जिबीशन कम कॉम्पिटिशन प्रतियोगिता में जयपुर में भाग लेंगे। इस गतिविधि में व्यावसायिक शिक्षा संचालित विद्यालयों के विद्यार्थियों, कौशल मित्रों तथा व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सर्वेश कुमार गुप्ता, एडीपीसी, मेघराम मीना, कार्यक्रम अधिकारी, रणजीत मीना, अशोक कुमार सैनी, घनश्याम मीना, राजकुमार ओझा, आदि उपस्थित रहे।

# बाबरिया में फायरिंग घटना का पुलिस ने किया खुलासा

स्मार्ट हलचल | बानसूर




कस्बे के हरसौरा थाना क्षेत्र के बाबरिया में कुछ दिन पहले जमीनी विवाद को लेकर फायरिंग में गोली लगने की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। डीएसपी मेघा गोयल ने बताया कि परिवादी ओर मामा ने फायरिंग की योजना बनाकर मामला दर्ज करवाया था। जिसको लेकर फायरिंग के मामले में ओमप्रकाश उर्फ कालू और मामा रोशनलाल को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने बताया कि ओमप्रकाश गुर्जर निवासी बाबरिया ने 17 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 16 जनवरी की रात को करीब 9 बजे के लगभग मेरा मामा रोशनलाल निवासी माची और भैरू निवासी धामला का बास तीनों खेत में घूमने के लिए गए हुए थे। इस दौरान वहां पर बाबरिया के रहने वाले शीशराम, रोहिताश, लक्ष्मण, लालाराम गुर्जर आए जिनके पास लाठी डंडे और रोहिताश के पास पिस्टल थी, जिसने मामा के गोली मार दी और अन्य लोगों ने मारपीट की। जिसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू की गई। डीएसपी मेघा गोयल ने बताया कि घटना को लेकर घटनास्थल का मौका देखा गया और दोनों ही तरफ के लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान परिवादी पक्ष से पूछताछ करने पर पाया कि उन्होंने खुद ने ही पिस्टल चैक करने के दौरान फायरिंग होने पर पिस्टल की गोली रोशनलाल की जांघ में फंस गई गोली निकलवाने और पुलिस से बचने के लिए योजना बनाकर पूर्व में पड़ोसियों से चल रहे जमीनी विवाद की बात को लेकर पड़ोसियों को फसाने के लिए उनपर मामला दर्ज करवा दिया। जिसको लेकर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए रोशनलाल गुर्जर निवासी माची, मनोहर उर्फ कालू निवासी बाबरिया और भैरू गुर्जर निवासी बाबरिया को गिरफ्तार किया है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान किया शुरू, विधानसभा थानागाजी

## मनरेगा देश के मजदूर किसान गरीब तबके का अधिकार है- समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद शर्मा



स्मार्ट हलचल

**अलवर।** थानागाजी विधानसभा के थानागाजी ब्लॉक में स्थित नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे मनरेगा में थानागाजी ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा के सानिध्य में शनिवार को मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि मनरेगा मजदूरों से मिलकर वर्तमान सरकार के द्वारा किए गए बदलाव के बारे में अवगत कराया।

मनरेगा देश के मजदूर किसान गरीब तबके का अधिकार है। कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही कमजोर वर्ग के स्वाभिमान और रोजगार के हक के लिए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में देश की जनता की आवाज उठाने के लिए संकल्पित है।

मनेरगा का हक लेकर रहेंगे। इस दौरान मुरलीधर पांडे,विनोद पंचोली, धर्मवीर वर्मा और मनरेगा मजदूर साथ रहे।


# प्रेरणादायक सफर की झलक दिखाई मानुषी छिल्लर ने



नए साल की शुरुआत में बॉलीवुड सेलेब्स साल 2016 की अपनी खट्टी-मीठी यादों को फैंस के साथ शेयर कर रहे हैं। इसी कड़ी में मिस वर्ल्ड रह चुकीं अभिनेत्री मानुषी छिल्लर ने भी अपने अतीत के पन्ने खोले हैं और अपने संघर्ष भरे लेकिन प्रेरणादायक सफर की झलक दिखाई है। मानुषी छिल्लर ने इंस्टाग्राम पर अपनी पुरानी मॉडलिंग फोटोज और एमबीबीएस की छात्रा के दौर की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने एक लंबा और दिलचस्प कैप्शन भी लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि साल 2016 उनके जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण लेकिन यादगार समय था। मानुषी ने लिखा कि उस एक साल में वह बिल्कुल मशहूर टीवी सीरीज 'हैना मोंटाना' की तरह दोहरी जिंदगी जी रही थीं। एक तरफ वह कॉलेज और एम्स, नई दिल्ली में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं, तो दूसरी तरफ मिस इंडिया चुने जाने के बाद अपने शुरुआती फोटोशूट और मॉडलिंग असाइनमेंट्स को संभाल रही थीं। मानुषी ने बताया कि शनिवार को क्लास खत्म होने के बाद उन्होंने एंट्री फॉर्म के लिए अपनी पहली कुछ तस्वीरें क्लिक करवाई थीं। इसके बाद उन्हें पहला कैंपेन मिला और फिर एक के बाद एक कई ऑफर्स आते चले गए। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें धीरे-धीरे एहसास हुआ कि बायोकेमिस्ट्री शायद उनके जीन में नहीं है, लेकिन बाकी सब कुछ जरूर है। उन्होंने अपनी पहली क्लिनिकल पोस्टिंग का जिक्र करते हुए लिखा कि जनरल सर्जरी के दौरान कोई बेहोश हो गया था, लेकिन वह खुद नहीं थीं, जो उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है। मानुषी ने यह भी साझा किया कि मिस इंडिया के लिए उन्होंने 'सिर्फ एक बार' इंस्टाग्राम जॉइन किया था, लेकिन आज एक दशक बाद वह सोशल मीडिया की दुनिया में मजबूती से मौजूद हैं। उनके कैप्शन से साफ झलकता है कि पढ़ाई और मॉडलिंग के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने इस चुनौती को पूरे जुनून और मेहनत के साथ स्वीकार किया। एमबीबीएस जैसी कठिन पढ़ाई के साथ-साथ मिस वर्ल्ड जैसे बड़े सपने की तैयारी करना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। मानुषी छिल्लर ने साल 2017 में फेमिना मिस इंडिया का खिताब जीता और उसी साल मिस वर्ल्ड का ताज भी अपने नाम किया। वह मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली छठी भारतीय महिला

# हिना खान का देसी अंदाज में ग्लैमर

फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री हिना खान एक बार फिर अपने शानदार फैशन सेंस को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। हिना खान हर बार अपने स्टाइल से फैंस को हैरान कर देती हैं और इस बार उन्होंने देसी लुक में मॉडर्न ग्लैमर का ऐसा तड़का लगाया है, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हाल ही में सामने आई उनकी नई तस्वीरों में वह मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की डिजाइन की हुई ब्राउन साड़ी में नजर आ रही हैं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं। हिना खान की इस ब्राउन साड़ी पर बारीकी से किया गया शिमरी सीक्विन वर्क उनके लुक को बेहद एलिगेंट और रॉयल बना रहा है। साड़ी का सॉफ्ट और वार्म ब्राउन शेड उनकी स्किन टोन पर बेहद खूबसूरत लग रहा है, जिससे उनका पूरा अंदाज और भी निखर कर सामने आया है। इस देसी आउटफिट के साथ हिना ने न्यूड मेकअप, ग्लोसी लिप्स और हल्के मैसी हेयरस्टाइल को चुना है, जो उनके लुक को परफेक्ट बैलेंस देता नजर आता है।



# साल 2026 का स्वागत बेहद भावुक अंदाज में भूमि पेडनेकर ने



हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट साझा कर अपने करियर की शुरुआत से जुड़े कई यादगार पलों को ताजा किया। इसके साथ ही उन्होंने नए साल 2026 का स्वागत भी बेहद भावुक और निजी अंदाज में किया। सोशल मीडिया पर चल रहे ट्रेंड '2026 इज द न्यू 2016' को फॉलो करते हुए भूमि ने अपने जीवन के करीब दस साल पुराने लम्हों की झलक फैंस के साथ साझा की। इन तस्वीरों और यादों के जरिए उन्होंने यह दिखाने की कोशिश की कि आज जिस मुकाम पर वह खड़ी हैं, वहां तक पहुंचने के पीछे कितनी मेहनत, धैर्य और सीख छिपी हुई है। भूमि ने उन दिनों को याद किया जब सपने नए थे, आत्मविश्वास आकार ले रहा था और सफर की असली शुरुआत हो रही थी। भूमि पेडनेकर ने सबसे पहले अपनी फिल्म 'टॉयलेट- एक प्रेम कथा' से जुड़ी यादें साझा कीं। उन्होंने इस फिल्म के सेट पर अपने पहले दिन की तस्वीरें पोस्ट कीं। साल 2017 में रिलीज हुई यह फिल्म उनके करियर का अहम मोड़ साबित हुई, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार नजर आए थे। भूमि ने बताया कि उस वक्त वह एक नई अभिनेत्री थीं, लेकिन उनके सपने बहुत बड़े थे और खुद पर भरोसा अटूट था। इसके अलावा भूमि ने अपने पहले प्रोफेशनल फोटोशूट, पहली बार फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह में शामिल होने और अपने पहले मैगजीन कवर की झलक भी दिखाई। उन्होंने उस दौर को भी याद किया जब उन्होंने फिटनेस को लेकर गंभीरता दिखाई और पाइलेट्स के जरिए अपने शरीर में बड़ा बदलाव लाया। भूमि ने बताया कि यह बदलाव सिर्फ शारीरिक नहीं था, बल्कि मानसिक रूप से भी उनके लिए बेहद जरूरी और सशक्त करने वाला साबित हुआ। अपने पोस्ट में भूमि पेडनेकर ने उन लोगों का भी जिक्र किया, जिन्होंने उनके शुरुआती दिनों में उनका साथ दिया। उन्होंने अपने परिवार, करीबी दोस्तों और मेंटर्स के प्रति आभार जताया और उन्हें अपनी 'गॉड मदर्स' कहा। इसके साथ ही भूमि ने वह खास पल भी याद किया, जब वह स्पेन गई थीं और वहां उन्हें अपना पहला आईफा अवॉर्ड मिला था, जिसे उन्होंने अपने जीवन का एक सपने जैसा पल बताया। करियर की यादों के साथ भूमि ने नए साल 2026 के जश्न की झलक भी साझा की। उन्होंने यह साल अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्यार, उम्मीद और स्वादिष्ट खाने के बीच शुरू किया। कैप्शन में भूमि ने लिखा कि उन्होंने नया साल उन लोगों के साथ मनाया, जिन्हें वह दिल से प्यार करती हैं। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपने दमदार अभिनय और लगातार मेहनत के बल पर इंडस्ट्री में एक अलग पहचान बनाई है। छोटे शहरों की कहानियों से लेकर सामाजिक मुद्दों पर आधारित फिल्मों तक, भूमि ने हर किरदार को पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाया है।

# 'मर्दानी 3' के ट्रेलर को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रियाएं

बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मर्दानी 3' के ट्रेलर को हर तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक बार फिर रानी अपने लोकप्रिय किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में नजर आ रही हैं, जो एक निडर और साहसी पुलिस अधिकारी हैं। इस बार कहानी 93 लापता लड़कियों को बचाने की जंग पर केंद्रित है, जिसमें शिवानी समय के खिलाफ दौड़ लगाते हुए अपनी जान तक जोखिम में डाल देती हैं। यश राज फिल्म्स की इस फिल्म के ट्रेलर को मिल रहे अपार प्यार पर प्रतिक्रिया देते हुए रानी मुखर्जी ने इसे अपने लिए बेहद भावुक पल बताया। उन्होंने कहा कि शिवानी शिवाजी रॉय ऐसा किरदार नहीं है जिसे वह कैमरा कट होते ही भूल जाएं। रानी के मुताबिक, इस किरदार के जरिए उन्होंने सेवा, साहस और जिम्मेदारी का असली अर्थ समझा है। उन्होंने यह भी कहा कि साहस अक्सर अकेला होता है और यही बात इस किरदार को और भी खास बनाती है।

रानी ने भारतीय पुलिस बल के प्रति गहरा सम्मान जताते हुए कहा कि देश की पुलिस फोर्स बिना किसी शिकायत और बिना किसी तमगे की उम्मीद के, चुपचाप देश की सेवा करती है। रानी मुखर्जी ने 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी को पूरी पुलिस फोर्स को समर्पित करते हुए खास तौर पर महिला अधिकारियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महिला पुलिसकर्मियों को अक्सर ज्यादा सवालों और संदेह का सामना करना पड़ता है, इसके बावजूद वे मजबूती और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों को निभाती हैं। रानी ने कहा कि 'मर्दानी 3' का अस्तित्व इन्हीं जांबाज महिला अधिकारियों की वजह से है, जो ताकत और करुणा के साथ नेतृत्व करती हैं।

रानी का मानना है कि ट्रेलर को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का सबूत है कि समाज आज भी अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जब कुछ गलत होता है तो लोगों को गुस्सा आता है और जब कोई असहायों की रक्षा के लिए खड़ा होता है तो गर्व महसूस होता है। यही भावना 'मर्दानी 3' की आत्मा है। अभिराज मीनावाला के निर्देशन में बनी और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित 'मर्दानी 3' सामाजिक मुद्दों पर आधारित अपनी परंपरा को आगे बढ़ाती है। जहां पहली फिल्म ने मानव तस्करी और दूसरी ने एक सीरियल रेपिस्ट की मानसिकता को उजागर किया था, वहीं तीसरी किस्त समाज की एक और कड़वी सच्चाई से पर्दा उठाती है।






# केंद्रीय मंत्री से स्कूली शिक्षा को और बेहतर बनाने पर चर्चा की विक्रांत ने

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की, जिसमें स्कूली शिक्षा को और बेहतर, प्रभावी और समृद्ध बनाने को लेकर गंभीर और सार्थक बातचीत हुई। इस मुलाकात को दोनों पक्षों ने बेहद सकारात्मक और प्रेरणादायक बताया है। विक्रांत मैसी को फिल्म '12वीं फेल' में उनके दमदार अभिनय के लिए नेशनल अवॉर्ड से नवाजा जा चुका है। यह फिल्म न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर सफल रही, बल्कि शिक्षा, संघर्ष, ईमानदारी और मेहनत जैसे विषयों को सशक्त तरीके से सामने लाने के कारण समाज में गहरी छाप छोड़ गई। करीब 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 70 करोड़ रुपये की कमाई की थी और कई राज्यों में इसे टैक्स फ्री भी किया गया था। फिल्म में विक्रांत ने आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के संघर्षपूर्ण जीवन को पर्दे पर जीवंत किया था। अब पर्दे के बाहर भी विक्रांत मैसी शिक्षा से जुड़े विषयों को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री के साथ हुई मुलाकात की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा कीं और इसे ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने लिखा कि धर्मेंद्र प्रधान के साथ हुई बातचीत बेहद सार्थक रही और भारतीय भाषाओं के प्रति मंत्री का लगाव उन्हें खास तौर पर प्रभावित कर गया। विक्रांत के अनुसार, युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और कक्षाओं को ज्यादा संवादात्मक बनाने पर हुई चर्चा बेहद प्रेरणादायक रही। वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा कि भारतीय भाषाओं के माध्यम से बचपन से ही रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने को लेकर अच्छी चर्चा हुई। इन पोस्ट्स से यह साफ होता है कि यह मुलाकात केवल औपचारिक नहीं थी, बल्कि स्कूली शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में विचारों का आदान-प्रदान था। टीवी से लेकर फिल्मों तक का सफल सफर तय कर चुके विक्रांत मैसी हमेशा ऐसी कहानियों का हिस्सा रहे हैं, जो समाज को सोचने पर मजबूर करती हैं। 'छपाक', 'लिपस्टिक अंडर माय बुर्का', 'द साबरमती रिपोर्ट' और '12वीं फेल' जैसी फिल्मों में उनका अभिनय खूब सराहा गया है।

# संजय कपूर की विरासत पर बढ़ा विवाद

एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति और जाने-माने उद्योगपति संजय कपूर के निधन के बाद उनकी संपत्ति और विरासत को लेकर कानूनी विवाद गहराता जा रहा है। इस मामले में अब संजय कपूर की तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव ने एक नई याचिका दाखिल कर मामला और जटिल कर दिया है। प्रिया सचदेव ने अदालत से करिश्मा कपूर और संजय कपूर के बीच हुए तलाक से जुड़े सभी कानूनी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां मांगी हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह याचिका संजय कपूर की संपत्ति, वसीयत और उत्तराधिकार से जुड़े अधिकारों को स्पष्ट करने के उद्देश्य से दायर की गई है। प्रिया का कहना है कि इन दस्तावेजों के बिना विरासत से जुड़े तथ्यों की सही जांच संभव नहीं है। इस मामले की सुनवाई 16 जनवरी 2026 को निर्धारित की गई है। संजय कपूर और करिश्मा कपूर का तलाक काफी समय पहले हो चुका था, लेकिन उनके रिश्ते और समझौते हमेशा चर्चा में रहे। अब संजय के निधन के बाद यह मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है। कानूनी जानकारों का मानना है कि इस याचिका से संपत्ति विवाद में नया मोड़ आ सकता है। इस पूरे विवाद पर करिश्मा कपूर की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं, प्रिया सचदेव की इस पहल से यह साफ हो गया है कि आने वाले दिनों में यह मामला और लंबा खिंच सकता है।



# अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर स्ट्रीम हो रही 'बॉर्डर'

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की फिल्म बार्डर की सिक्वल 'बॉर्डर 2' की रिलीज नजदीक आ चुकी है, तो साल 1997 में आई इस क्लासिक फिल्म को दोबारा देखना दर्शकों के लिए देशभक्ति के उस जज्बे को फिर से महसूस करने का बेहतरीन मौका बन गया है। खास बात यह है कि 'बॉर्डर' इस समय अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर स्ट्रीम हो रही है, जिससे नई पीढ़ी भी इस ऐतिहासिक कहानी से जुड़ सकती है। निर्देशक जे. पी. दत्ता द्वारा बनाई गई 'बॉर्डर' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की सच्ची घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में खास तौर पर राजस्थान के लोंगेवाला पोस्ट पर हुए ऐतिहासिक युद्ध को केंद्र में रखा गया था। सीमित संसाधनों के बावजूद भारतीय सैनिकों की रणनीति, साहस और देश के लिए दी गई कुर्बानी को फिल्म ने बेहद भावनात्मक और प्रभावशाली तरीके से दर्शाया। यही वजह रही कि यह फिल्म दर्शकों के लिए सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव बन गई। फिल्म में सनी देओल ने लेफ्टिनेंट कर्नल फतेह सिंह कलेर का दमदार किरदार निभाया था, जो अपने जवानों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे। उनके जोशीले संवाद और गुस्से से भरा अभिनय आज भी लोगों की यादों में ताजा है।

सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना ने भी सैनिकों की भूमिकाओं में शानदार अभिनय किया। खासतौर पर अक्षय खन्ना का संवेदनशील और युवा सैनिक का किरदार दर्शकों के दिल को छू गया था। 'बॉर्डर' का संगीत भी इसकी बड़ी ताकत रहा। 'संदेशे आते हैं' और 'मेरे दुश्मन मेरे भाई' जैसे गीत आज भी देशभक्ति गीतों में खास स्थान रखते हैं। इन गानों ने सैनिकों और उनके परिवारों के दर्द, इंतजार और भावनाओं को बखूबी बयां किया, जिसके चलते फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ आलोचकों की भी जमकर सराहना मिली। करीब 28 साल बाद अब 'बॉर्डर 2' उसी देशभक्ति की भावना को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी इस फिल्म को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जे. पी. दत्ता और निधि दत्ता ने प्रोड्यूस किया है।

सनी देओल एक बार फिर मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जबकि उनके साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी अहम किरदार निभाते दिखाई देंगे। यह फिल्म भी 1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित है, लेकिन इस बार कहानी का दायरा और व्यापक होगा, जिसमें थलसेना के साथ-साथ नौसेना और वायुसेना की संयुक्त कार्रवाई को दिखाया जाएगा। 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि जब भी हिंदी सिनेमा में देशभक्ति से जुड़ी फिल्मों की चर्चा होती है, तो 90 के दशक की कुछ यादगार फिल्मों का जिक्र अपने आप होने लगता है। इन्हीं में एक सबसे अहम नाम सनी देओल की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' का है, जिसने न केवल बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की थी, बल्कि दर्शकों के दिलों में देशप्रेम और बलिदान की गहरी छाप भी छोड़ी थी।




स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com